श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : प्रारम्भ में 16.7 किलोमीटर रेल लाइन बिछाने पर अनुमानित लागत 140 करोड़ रुपये आंकी गई थी । मैंने कहा है कि अब इस पर 250 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है ।

श्री सोमनाथ चटर्जी : प्रारम्भ में यह अनुमान लगाया गया था कि यह कार्य 1979 तक पूरा हो जायेगा । हमें किसी प्रकार का आश्वासन नहीं दिया गया है कि यह काम कब पूरा हो जायेगा या इस पर और दस वर्ष लगेंगे । हमें पता नहीं कि यह कार्य पूरा होने में कितने वर्ष लगेंगे । इस दौरान कलकत्ता में पेड़ काटे जा रहे हैं, मैदानों को उजाड़ बनाया जा रहा है और उस समूचे क्षेत्र पर घेरा डाला हुआ है । इस कार्य को पूरा किये जाने के बारे में किसी प्रकार का आश्वासन न दिए जाने के कारण लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अत: क्या मैं जान सकता हूं कि अब इस कार्य में कौनसी बाधा उत्पन्न हो गई है ? और विद्यमान बाधा को ध्यान में रखते हुए कितने समय के अन्दर इस काम के पूरा होने की आशा है ? क्या आपको इस बारे में कोई सही जानकारी है या आप केवल अनुमान ही लगा रहे हैं ।

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : जैसा कि मैं पहले कह चुका हूं कि प्रारम्भ में 140 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था जिसमें लगभग 23 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा भी सम्मिलित थी । इस समय इसकी लागत 250 करोड़ रुपये होगी जिसमें विदेशी मुद्रा 38 करोड़ रुपये की होगी । एक समस्या यह है कि संसाधन कहां से जुटाये जायें । संसाधनों के अभाव के कारण मैं सही तिथि नहीं बता सकता किन्तु 1979 तक यह कार्य किसी भी तरह पूरा कर लिया जायेगा ।

श्री सोमनाथ चटर्जी : मैंने अपना दूसरा प्रश्न नहीं पूछा। यह कलकत्ता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जैसा कि आप अपने अनुभव से जानते हैं। वहां परिवहन तथा संचार की बड़ी कठिन समस्या है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि यदि मंत्रालय को किसी तरह की वित्तीय कठिनाई है और यदि आप आवश्यक मशीनरी आयात करने की स्थिति में नहीं हैं तो शहर के केन्द्रीय क्षेत्र में कार्य थोड़ा-थोड़ा करके क्यों किया जा रहा है? सारे क्षेत्र पर आना जाना बन्द है, पेड़ गिराये हुए हैं, जिससे लोगों को कठिनाई हो रही है। वहां जो छोटा सा खुला मैदान है लोगों को उस पर चलने को मनाही है। यह किस तरह की आयोजना तथा कार्यक्रम हैं ? कुछ काम बेलगाचिया के उत्तरी भाग में हो रहा है। अब शहर के बीच में कार्य हो रहा है। बीच वाले भाग का क्या होगा—कोई नहीं जानता। दक्षिण भाग में क्या होगा, यह भी कोई नहीं जानता। मंत्रालय ने यह जाने बगैर कि अन्ततोगत्वा किस तरह के संसाधनों की आवश्यकता पड़ेगी यह किस तरह की योजना बनाई है? उन्होंने 1973-74 के मूल्य स्तर को ध्यान में रख कर इसकी कुल लागत का अनुमान 250 करोड़ रुपये लगाया है। आज सन् 1976 चल रहा है हमारी समझ में नहीं आता कि यह मंत्रालय किस तरह का अनुमान लगा रहा है। इसीलिए हम कहते हैं कि आप जानबूझकर पूर्वी क्षेत्र की उपेक्षा कर रहे हैं।

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : सभी सम्बन्धित मंत्रालयों तथा योजना आयोग की यही राय है कि इस परियोजना को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। किन्तु कठिनाई यह है कि जब हमने कार्य आरम्भ नहीं किया तो कहा गया कि आप कार्य आरम्भ नहीं कर रहे। जब हम कार्य आरम्भ करते हैं तो कहा जा रहा है कि आप सुरंगें क्यों खोद हे रहैं? (व्यवधान) आप यह सब कुछ इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आप इस कार्य में रुचि नहीं लेते। आप तो केवल आन्दोलन करने में रुचि रखते हैं। आप तो कवल बिगाड़ना जानते है (व्यवधान) क्योंकि आपको पता नहीं है कि निर्माण क्या होता है हम निर्माण कार्य करते आ रहे हैं। अतः आपको निर्माण का अर्थ समझने का प्रयास करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : वह यह जानना चाहते हैं कि कार्य शहर के विभिन्न भागों में क्यों किया जा रहा है ?

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : कार्य के लिए ठेका विभिन्न लोगों को दिया गया है। कार्य इंजीनियरों द्वारा निर्धारित प्राथमिकता के अनुसार किया जाना है।

श्री सोमनाथ चटर्जी : यह सब सामान्य सूझ-बूझ की कमी है।

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : कभी कभी सामान्य सूझ—बूझ को ताजगी की जरूरत होती है।

श्री एच० एन० मुकर्जी : यद्यपि कलकत्ता की तुलना में दुनिया के कई अन्य शहरों जैसे लेनिनग्राड में भूमिगत स्थिति कई ज्यादा कठिन है, फ़िर भी वहां भूमिगत रेलें हैं। क्या मैं जान सकता हूं कि जब सरकार ने यह योजना आरम्भ की थी तो उसी समय इस कार्य के लिये व्यवहारिक कार्यक्रम तैयार क्यों नहीं किया ताकि अब जबकि उनका यह दावा है कि उन्हें प्रत्येक देशवासी का समर्थन प्राप्त है, यदि लोगों को यह पता चल जाये कि इतने समय के अन्दर वहां भूमिगत रेल बिछा दी जायेगी तो सरकार वहां के लोगों से सहयोग ले सकती है। इस सम्बन्ध में सरकार

ने कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है और वे यह कार्य बहुत ही मन्द गति से आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही यह बड़ी अजीब बात है कि प्रश्नकाल के दौरान स्थिति के बारे में सही जानकारी देने की बजाय हमसे असंगत बातें की जा रही हैं। क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार ने कलकत्ता में भूमिगत रेल लाइन बिछाने का कार्यक्रम तो तैयार कर लिया लेकिन दस वर्ष तक इस कार्यक्रम को अधर में लटका कर रखा। इस दौरान तो वहां सब कुछ अव्यवस्थित हो जायेगा।

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : हमने रूसी विशेषज्ञों से बाहरी विशेषज्ञ सहायता ली है। वे इस परियोजना पर काफ़ी समय पहले से सम्बद्ध हैं। वहां से कुछ उपकरणों का आयात भी करना है। ऐसी बात नहीं है कि हम इस महा परियोजना के लिए अन्य देशों के लोगों के अनुभव का लाभ नहीं उठा रहे। किन्तु जैसा कि मैं कह चुका हूं कि मुख्य कठिनाई धनाभाव की है। पहले अनुमानित लागत 140 करोड़ रुपये थी जो कि अब 250 करोड़ रुपये है। हो सकता है कि लागत इससे भी अधिक हो जाये क्योंकि कुछ विदेशी उपकरणों तथा स्थानीय वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हो जाये। परियोजना कार्य पूरा होने में विलम्ब होने का यही एकमात्र कारण है। सरकार ने इस पर कार्य पहले ही आरम्भ कर दिया है।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : मेरे प्रश्न के तीन भाग हैं। मंत्री जी ने कहा है कि लागत में वृद्धि हो जाने के कारण यह बताना संभव नहीं है कि यह परियोजना कब तक पूरी हो जायेगी। (क) यदि वह सही रूप से यह नहीं बता सकते कि लागत कितनी आयेगी तो वह किस आधार पर वार्षिक बजट तैयार करते हैं और यहां धन मांगते हैं। (ख) क्या यह सही है कि दिसम्बर, 1975 तक केवल 8 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है? (ग) क्या मैं जान सकता हूं कि सुरंग खोदने के लिए सोवियत संघ से कोई उपकरण आयातित किया जायेगा? यदि हां तो उसका मूल्य कितना है?

अध्यक्ष महोदय : वह प्रश्न के भाग (ख) का उत्तर दे सकते हैं।

श्री मोहम्मद शफी कुरेशी : प्रतिशतता लगभग 8 है।

औषधियों के मूल्यों में कमी लाने के उपाय

*199. **श्री शंकर राव सावन्त** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात स्थिति की घोषणा के पश्चात् देश में निर्मित औषधियों एवं विदेशों से आयातित औषधियों के मूल्यों मे कमी लाने के क्या प्रयास किये गये हैं ;

(ख) इन प्रयासों में कितनी सफलता मिली है; और

(ग) इस उद्देश्य के लिए निकट भविष्य में क्या अतिरिक्त उपाय करने का विचार है?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग). एक विवरण संलग्न है।

विवरण

(1) औषधों के मूल्य 1962 में सांवधिक नियन्त्रण के अन्तर्गत लाए गए थे। औषध मूल्य नियन्त्रण आदेश 1970 में उचित स्तर पर औषधों के मूल्य निर्धारण करने के लिए विस्तृत प्रणाली की व्यवस्था है ।

(2) इस बीच में, औद्योगिक लागत तथा मूल्य ब्यूरो द्वारा लागत परीक्षा के परिणामस्वरूप निम्नलिखित औषधों के मूल्य हाल ही में कम किये गए हैं :—

क्रम सं०	औषध का नाम	इकाई	पूर्व संशोधित मूल्य	अब सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य
1.	विटामिन बी 12 . .	ग्राम	100.00	95.00
2.	रिबोफ्लेविन–5 फास्फेट सोडियम फास्फेट . .	कि० ग्राम	2500.00 (फ्रेन्को इण्डिया)	2350.00 (सभी के लिये)
		कि० ग्राम	2800.00 (निवेषिता)	
			3,000,00 (आ।ईडीपीएल)	
3.	बेनजाथिन पेनीसिलिन .	कि० ग्राम	1263.00 (एच ए एल)	1375.00 (सभी के लिये)
			2000.00 (ज्योफे पद्धति)	

(3) राज्य व्यापार निगम ने चालू वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रपुंज औषधों के मूल्यों को भी कम किया है :—

क्रम सं०	औषध का नाम	पूर्व संशोधन मूल्य रुपये/प्रति कि०जी०	संशोधित मूल्य रु० प्रति कि०जी०
1	एम्पीसिलिन एनीड्स . . .	2030.00	1540.00
2	एम्पीसिलिन सोडियम . .	1670.00	1300.00
3	एम्पीसिलिन ट्रीहीड्रेट . . .	1425.00	1105.00
4	क्लोरमफेनीकोल पालमीटेट . .	670.00	522.00
5	क्लोरमफेनीकोल पाऊडर (एकत्रित मूल्य) . .	646.00	524.00
6	क्लोरमफेनीकोल सोडियम ससीमेड . .	1060.00	748.00
7	इन्डोमेथासिन . . .	1316.00	816.68

इन औषधों के आधार पर बाद में सूत्रयोगों के मूल्यों में कमी हुई है ।

(4) श्री जयसुखलाल हाथी की अध्यक्षता में औषध एवं भेषज उद्योग पर समिति ने औषधों के मूल्यों के बारे में ठोस सिफारिशें की हैं। समिति द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार करने में कठिनाई के बारे में प्राथमिक परीक्षण किए गए हैं। यह देखा गया है कि सिफारिशों को स्वीकार करने में कुछ मामलों में मूल्य कम करने में सहायता मिलेगी परन्तु उसके परिणाम स्वरूप बड़ी मात्रा में आवश्यक औषधों के मूल्यों में वृद्धि हो जाएगी। इन संकेतों को ध्यान में रखकर सरकार प्रश्न पर सावधानी से विचार कर रही है ।

श्री शंकर राव सावन्त : जब खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से गिरावट आ रही है तो क्या कारण है कि औषधियों की कीमत में भी समान रूप से गिरावट नहीं आ रही। उत्तर में औषधियों के मूल्य में गिरावट बताई गई है वह बहुत ही असंतोषजनक है। मेरे प्रश्न के उत्तर में यह बताया गया है कि पेनिसिलिन के मूल्य में 100 रुपये से अधिक की वृद्धि हो गई है। इस तरह की आवश्यक औषधि के मूल्य में इतनी वृद्धि क्यों हुई है।

श्री पी० सी० सेठी : मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करूंगा कि वह उत्तर को एक बार फिर देख लें। एच०ए०एल० का मूल्य 1263 रुपये है किन्तु ज्योफ्रे पद्धति का मूल्य 2000 रुपये है। अतः अब सबके लिए मूल्य 1375 रुपये निर्धारित किया है जिससे एच०ए०एल० को, जो एक सरकारी क्षेत्र की कम्पनी है, वृद्धि मिलेगी जबकि गैर-सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों में यह मूल्य 2000 रुपये से घटकर 1375 रुपये हो जायेगा।

श्री शंकर राव सावन्त : किन्तु एच०ए०एल० की औषधियों के मूल्य में वृद्धि क्यों की जानी चाहिए ?

श्री पी० सी० सेठी : यह तो राय का मामला है। वास्तव में यह वृद्धि नहीं है। अपितु मूल्य 2000 रुपये से घटाकर 1375 रुपये किया गया है।

श्री एस० आर० दामाणी : क्या मैं जान सकता हूं कि उन्हें ज्ञात है कि महत्वपूर्ण औषधियां नकली बन रही हैं और यदि हां तो ऐसे नकली दवाइयों के निर्माताओं के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है और ऐसे कितने निर्माता गिरफ्तार किये गये हैं ? भविष्य में नकली दवाइयों का निर्माण रोकने के लिए क्या योजना बनाई गई है ?

श्री पी० सी० सेठी : जहां तक नकली औषधियों का सम्बन्ध है, प्रत्येक राज्य सरकार ने राज्यों में औषधि नियंत्रकों की नियुक्ति कर रखी है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार का भी एक औषधि नियंत्रण प्राधिकार है जो औषधियों के गुण-प्रकार नियंत्रण पर निगरानी रखता है। अतः यह कार्य इस स्तर पर किया जा रहा है।

श्री धामनकर : विवरण में यह देखा गया है कि राज्य व्यापार निगम ने अधिक प्रयोग में आने वाली दवाइयों के मूल्यों में 50 प्रतिशत तक कमी की है किन्तु वे जिन सूत्रयोगों को तैयार करते हैं उन्हें विभिन्न व्यापार नाम देकर ऊंची कीमतों पर बेचा जाता है। मैं जानना चाहता हूं कि राज्य व्यापार निगम से खरीदी गई इन औषधियों से तैयार की गई विभिन्न व्यापार चिन्हों वाली औषधियों के मूल्य में कमी करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार है या उठाये गये हैं ?

श्री पी० सी० सेठी : विवरण में यह बताया गया है कि सात औषधियों के मूल्यों में की गई कमी के फलस्वरूप मिश्रणों के मूल्यों में भी गिरावट आयेगी।

श्री के० लकप्पा : यह केवल देश में उपलब्ध औषधियों के मूल्यों में ही कमी लाने का प्रश्न नहीं है अपितु देश में विद्यमान औषधि निर्माण प्रणाली में सुधार करने का भी प्रश्न है क्योंकि यहां घटिया किस्म की औषधियों का निर्माण करके उनकी सप्लाई की जाती है। अतः अति संवेदनशील वर्ग को औषधियों की सप्लाई करने सम्बन्धी मामले पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यहां तक कि आपात-स्थिति के दौरान भी घटिया किस्म की औषधियां बेची जा रही हैं और ऊंचे दाम लिये जा रहे हैं। अतः इन बुराइयों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाने हेतु क्या सरकार आपात स्थिति का लाभ उठायेगी। यदि हां, तो मंत्रालय क्या कदम उठाने की सोच रहा है ?

श्री पी० सी० सेठी : जहां तक औषधियों के मूल्यों का सम्बन्ध है, 1962–63 से औषधियों के मूल्यों पर औषधि मूल्य (प्रदर्शन और नियंत्रण) आदेश द्वारा नियंत्रण किया जाता रहा है। यह आदेश 1966 में भी संशोधित किया गया था। और 1970 में व्यापक मूल्य नियंत्रण लागू किया गया था। वास्तव में इन सभी महत्वपूर्ण औषधियों के मूल्य 1962 के स्तर पर स्थिर किये गये थे और जहां कहीं मूल्य बढ़ाने के लिए कहा गया है, उस पर औद्योगिक लागत तथा मूल्य ब्यूरो द्वारा विचार किया जाता है और उनकी सिफारिश के पश्चात् ही मंत्रालय में उच्च शक्ति प्राप्त समिति इस पर विचार करती है और तभी मूल्य वृद्धि की अनुमति दी जाती है। जहां तक नकली औषधियों का सम्बन्ध है, मैं पहले ही कह चुका हूं कि राज्य सरकारों के पास औषधि नियंत्रक हैं और केन्द्र में औषधियों के गुण-प्रकार पर निगरानी रखने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय सर्व-प्रकार से पर्यवेक्षण की व्यवस्था करता है। इस बात पर विचार किया जायेगा कि क्या इस तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

श्री एस० एम० बनर्जी : मुझे हर्ष है कि मूल्यों में कुछ कमी आई है किन्तु हाथी समिति ने दो विशेष सिफारिशें की हैं कि देश में विद्यमान बहु-राष्ट्रीय औषधि कम्पनियों को सरकार को अपने अधिकार में ले लेना चाहिए और पेटेंटों को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई निर्णय लिया है और क्या औषधि-कम्पनियों द्वारा किसी प्रकार का निर्णय न लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है ?

श्री पी० सी०सेठी : मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हम दबाव में आकर काम नहीं करते। हम स्वतंत्र रूप से ऐसे निर्णय लेते हैं जो देश के लिए लाभकर होते हैं। जहां जहां 13 औषधियों के जातिगत नामों के बारे में हाथी आयोग की सिफारिशों का सवाल है हम ने इस विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा भी की थी और स्वास्थ्य मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि हम कम से कम उन 6 दवाओं के बारे में परीक्षण शुरू कर सकते हैं जिनके बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रस्ताव किया है। यह प्रस्ताव मंत्रिमंडल उपसमिति को भेजा जा रहा है जो अन्ततः अपना अंतिम निर्णय करेगी।

श्री एस० एम० बनर्जी : वे औषधियां कौनसी हैं ?

श्री पी० सी० सेठी : इस समय तो मैं नहीं बता सकता लेकिन परामर्शदात्री समिति की बैठक के बाद अखबारों में यह खबर छपी थी जहां तक मूल्यों का प्रश्न है, मैं सदन को विश्वास

दिलाना चाहता हूं कि हाथी समिति की सिफारिशों के क्रियान्वयन से औषधियों के मूल्यों में कमी नहीं आयेगी क्योंकि इस समिति ने कहा कि सूत्रयोगों के मामले में बिक्री पर कम्पनियों को 12–13 प्रतिशत तथा 'ब्लक' औषधियों के मामले में 12–14 प्रतिशत लाभ दिया जाये। हमने मंत्रालय में यह कार्य शुरू किया था और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि अगर इतना लाभ दिया गया तो अधिक मूल्य 60–75 प्रतिशत हो जायेगा। कुछ सूत्रयोगों या टानिकों को छोड़कर जहां अधिक मूल्य 100 या 50 प्रतिशत से अधिक है मूल्य अवश्य कम होंगे लेकिन ऐसी कई औषधियां हैं जहां अधिक मूल्य 5-10 प्रतिशत हैं और अगर हाथी समिति की सिफारिशों को पूरी तरह से मान लिया गया तो आवश्यक औषधियों के मूल्य बढ़ने की संभावना है। यही कारण है कि हमें इस विषय पर निर्णय करने में समय लगेगा।

अशोधित तेल के उत्पादन से विदेशी मुद्रा की बचत

*201. **श्री शशि भूषण** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बाम्बे हाई में अशोधित तेल के उत्पादन से कितनी राशि की विदेशी मुद्रा की बचत होने की सम्भावना है; और

(ख) वर्ष 1975 में बाम्बे हाई और अन्य स्थानों में अशोधित तेल का कितना उत्पादन हुआ और वर्ष 1976 के अन्त तक इसका कितना उत्पादन होने की आशा है ?

पेट्रोलियम मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी): (क) 1976 के अन्त तक बम्बई हाई से उत्पन्न किये जाने वाले कच्चे तेल के मूल्य के रूप में विदेशी मुद्रा की बचत की रकम का अनुमान चालू अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य स्तर पर लगभग 37 करोड़ रुपये का है।

(ख) कच्चे तेल का कुल देशीय उत्पादन 1975 के दौरान 8.27 मिलियन मी० टन हुआ। 1976 के दौरान यह लगभग 9.0 मिलियन मी० टन तक होने की आशा की जाती है।

बम्बई हाई से 1975 के दौरान थोड़ी सी मात्रा के अतिरिक्त कच्चे तेल का कोई उत्पादन नहीं हुआ। बाबई हाई से 1976 के दौरान सम्भाव्य उत्पादन 0.5 मिलियन मी० टन होगा।

Shri Shashi Bushan : Mr. speaker, Sir, I want to know that what magic lies in the hand of the Hon'ble Minister that oil is struck in the well where the work is undertaken directly but no oils struck where drilling is undertaken by foreign cartels. How many foreign companies are participating in exploration of oil in Bombay High. Are you satisfied with their performance and has it fulfilled the expectations?

The Minister of Petroleum (Shri K.D. Malviya) : Mr. speaker, sir the First point is that I do not myself undertake any work But the fact is that experts of O·N. G.C make attempts in this egard O N G C has earned an international reputation and they have got sufficient experience. They make efforts and some times oil is struck I hope their efforts will be more successful. Three ships are on work in Bombay High Sagar Samrat is our own ship and two ships have been hired. An agreement has been entered into with one ship to the effect we can purchase it after sometime. In case we intend to purchase it negotiations will be carried on and if they like they will sell it work on all three ships is carried on mainly by our men from O N G C when they get education. They are utilising their previous experience. Few foreigners are working on salary basis we are not getting the services of any foreigners O N.G.C is working on its own in Bombay High and is self-sufficient in this regard.

Committee to provide Legal Aid to Poor

*203. **Shri Shanker Dayal Singh :** Will the Minister of **Law, Justice and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government have constituted any committee to provide legal aid to the poors

(b) whether the Central Government have allocated some funds to the various States under this head ; and

(c) if so, the State-wise figures thereof ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री एच० आर० गोखले) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Shri Shanker Dayal Singh : Many voluntary organisations and political parties have asked the Government time and again to provide legal aid to the poor. Whether Government has constituted a committee in this regard if not whether Government proposes to support or help those voluntary organisations that have come forward to offer legal aid to the poor, like National legal aid committee, lawyers committee for legal aid etc. so that they are able to render legal aid to the poor.

श्री एच० आर० गोखले : प्रश्न यह था कि क्या सरकार ने गरीबों को कानूनी सहायता देने के लिए एक समिति का गठन किया है । उसका उत्तर यह था कि समिति का काम गरीबों को कानूनी सहायता देना नहीं है । कुछ समय पहले एक समिति गठित की गई थी जिस में कानूनी सहायता के लिए उचित विस्तृत योजना बनाने के प्रश्न पर विचार किया गया । इस समिति की अध्यक्षता न्यायाधीश कृष्ण आयर ने की । उन्होंने इस प्रश्न के कई पहलुओं पर विचार किया और समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के बारे में उल्लेख किया है । उनकी एक सिफारिश यह थी कि निर्धनों को कानूनी सहायता देने के लिए सभी राज्यों में निगमित निकाय बनाये जायें । वास्तव में सरकार ने इस रिपोर्ट की जांच की है । सरकार कृष्ण आयर समिति की अधिकांश सिफारिशों को कार्यरूप देना चाहती है ।

जहां तक स्वयंसेवी संगठनों का सम्बन्ध है यह सच है कि पिछले वर्ष कई स्वयंसेवी संगठनों ने गरीबों को कानूनी सहायता देने की पेशकश की । अधिकांश वकीलों ने विभिन्न स्तरों पर न केवल महानगरों में अपितु जिला और तालुक स्तरों पर भी कानूनी सहायता देने की पेशकश की है । यद्यपि सरकार इन स्वयंसेवी संगठनों को यथासम्भव सहायता देगी फिर भी इस मामले में स्वेच्छिक आधार पर बहुत सहायता की आवश्यकता है ।

Shri Shanker Dayal Singh : Neither I am a lawyer nor do I know legal complexities. Such people have no practice in the profession come forward to give free legal aid to the poor. lawyers with good practice have no time and they are always busy in minting money. From where they will spare time to tender free legal aid. I would like to know whether any Change in the legistation will be made under which a code of conduct for the lawyers will be laid down so that it becomes abligatary on their part to undertake some cases of the poor per year free of charge and whether some sort of honorarium will be given to the lawyers who are already rendering free legal aid to the poor.

श्री एच० आर० गोखले : प्रश्न दो भागों में है। पहले तो माननीय सदस्य ने यह कहा है कि केवल ऐसे वकील लोग मुफ्त कानूनी सलाह देते हैं जिनकी वकालत नहीं चलती। यह कहना ठीक नहीं है : यदि किसी वजह से किसी वकील की वकालत नहीं चलती तो इसका यह अर्थ नहीं लगाना चाहिये कि वह गरीबों को कानूनी सलाह देने के काबिल नहीं। वास्तव में यह विश्व-विद्यालयों में सर्वविदित है, उदाहरणार्थ उन लोगों ने भी जिनके पास वकालत की डिग्री भी नहीं है उन्होंने भी विद्यार्थियों को कानूनी सहायता देने के लिए क्लिनिक खोल दिये हैं। अतः मैं माननीय सदस्य की इस धारणा से सहमत नहीं कि जिन लोगों की वकालत नहीं चलती वह गरीबों को कानूनी सहायता देने में सक्षम नहीं हैं। कुछ ऐसे लोग, भाग्यवश जिनकी वकालत खूब चल रही है, गरीबी को कानूनी सहायता दे रहे हैं। कुछ और लोगों को स्वयं इस क्षेत्र में आना चाहिये। हमें बार ऐसोसिएशन, बार कौंसिल तथा अन्य ऐजेंसियों के माध्यम से इस बात को सुनिश्चित करना चाहिये कि वह सभी कम से कम कुछ मुकद्दमे प्रतिवर्ष गरीबों के लिये निःशुल्क करें।

श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर : आप इस बात को भली भांति जानते हैं कि न केवल पश्चिम बंगाल में अपितु अन्य कई राज्यों में भी हजारों बटाईदारों को उनकी भूमि से बेदखल कर दिया गया है। यह लोग समाज के सबसे दुर्बल और दलित वर्ग के हैं और अधिकांश इनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के हैं। धनी जमींदार उच्च न्यायालय तक पहुंच सकते हैं लेकिन यह लोग वकील नहीं कर सकते अपने मामलों को कचहरी में उचित रूप से सुनवाई नहीं करा सकते और परिणामस्वरूप हजारों बटाईदार बेदखल किये जा रहे हैं। सरकार और मंत्रालय की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है। मंत्री महोदय ने कई बार कहा है कि सरकार इन लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करेगी। लेकिन जब उन्हें बेदखल कर दिया जाता है तो उस आपात स्थिति के दौरान क्या सरकार विशेष निर्देश जारी करेगी अथवा इन लोगों के लिये कानूनी सहायता की व्यवस्था करेगी ताकि उन्हें सताया न जा सके और बेदखली से भी बचाया जा सके।

श्री एच० आर० गोखले : मैं माननीय सदस्य की इस बात से पूर्णतया सहमत हूं कि यह समाज का सबसे कमजोर वर्ग है। विशेषकर जहां काश्तकारों को बेदखल किया जाता है। कई मामलों में उन्हें उचित कानूनी सहायता नहीं उपलब्ध होती। कानूनी सहायता योजना के अन्तर्गत इसे अवश्य लिया जाना चाहिये और हम ऐसा करने की कोशिश भी कर रहे हैं मुझे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का भी ध्यान है। उन्हें भी ऐसी योजनाओं के अन्तर्गत लाभ होगा।

श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी : मंत्री महोदय ने कहा है कि समाज के दलित वर्ग कानूनी सलाह के अभाव में अत्यन्त दुःखी हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुये मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या 20 सूत्री कार्यक्रम तथा भूमि कानून से लाभान्वित होने वाले लोगों के बिना पैरवी के मामलों में कानूनी सहायता देने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि आज देश में छह लाख से भी अधिक भूमि सम्बन्धी मुकद्दमे विचाराधीन पड़े हैं। यदि सरकार स्वतन्त्र भूमि कानूनों के मामलों में निःशुल्क कानूनी सहायता दे सकती है तो 20 सूत्री कार्यक्रम से लाभान्वित होने वाले लोगों को क्यों नहीं दे सकती ?

श्री एच० आर० गोखले : माननीय सदस्य का प्रश्न पहले पूछे गये प्रश्न के समान ही है जैसा कि मैंने पहले बताया है कि 20 सूत्री कार्यक्रम के सन्दर्भ में अथवा भूमि सुधारों सम्बन्धी विधान के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में एक विशेष उपबन्ध किया जाना है ताकि समाज के इन सब वर्गों को कानूनी सहायता प्राप्त हो सके ।

श्री सोमनाथ चटर्जी : क्या सरकार ऐसे मामलों में, जिनमें बर्खास्त कर्मचारियों या कमजोर वर्गों को न्यायालयों की शरण लेनी पड़ती है, कुछ ऐसी कार्यवाही करेगी कि ऐसे लोगों को न्यायालय फीस न देनी पड़े । सरकार आपात स्थिति का फायदा उठाते हुये राज्य सरकारों से यह अनुरोध क्यों नहीं कर सकती कि वे ऐसे वर्ग के लोगों को न्यायालय फीस देने के लिये न कहे । इससे उनको काफी लाभ होगा ?

श्री एच० आर० गोखले : जहां तक न्यायालय फीस का मामला है माननीय सदस्य जानते हैं कि यह मामला राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है । इस बात का अनुभव करते हुये हमने परामर्शदात्री समिति, संयुक्त समिति स्तर राज्य सरकारों से ऐसे मामलों में न्यायालय फीस कम करने का मामला उठाया है ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

भुवनेश्वर में परिवहन निदेशालय में कार्य आरम्भ होना

*186. **श्री अर्जुन सेठी** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या उड़ीसा राज्य से कच्चे माल के सुचारू परिवहन के लिये रेलवे मुख्यालय और गार्डन रीच वर्कशाप, कलकत्ता के बीच सम्पर्क रखने के लिए भुवनेश्वर में प्रस्तावित रेल समन्वय निदेशालय में कार्य आरम्भ हो गया है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : जी नहीं । उड़ीसा सरकार ने अभी तक प्रस्तावित निदेशालय तथा उसके अध्यक्ष के रूप में रेलवे के एक वरिष्ट अधिकारी का पूरा खर्च वहन करने की स्वीकृति नहीं दी है ।

Central Trade Unions of Railways Employees

*187. **Shri Ramavatar Shastri** : Will **the Minister of Railways** be pleased to state :

(a) the number and names of central trade unions of employees of Indian Railways :

(b) whether these central organisations have laid down their policy in regard to emergency and the 20-point economic programme annuounced by the Prime Minister, and

(c) if so, the salient features thereof?

The Minister of State in the Ministry of Railways (Shri Mohd. Shafi Qureshi): (a) At the Centre, recognition has been given to two All India Railway Labour Federations namely (i) the All India Railwaymen's Federation and (ii) The National Federation of Indian Railwaymen.

Similarly recognition has been accorded to two unions on each Zonal Railway i. e. one union affiliated to each one of these Federations.

Besides these, there are a number of Central Trade Unions functioning on the Indian Railways which have not been given recognition either at the Central or at the Zonal level.

(b) & (c) The National Federation of Indian Railwaymen have fully supported the 20-point economic programme announced by the Prime Minister and to educate the railwaymen in its implementation of this Federation and its affiliated Unions are passing resolutions and holding Seminars at different levels.

The All India Railwaymen's Federation have expressed their support for the 20-point economic programme for the economic development of the country.

हाई स्पीड डीजल की माँग पूरी करने की नीति

*188. **श्री मौलाना इसहाक सम्भली** : क्या **पैट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाई स्पीड डीजल की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए हाल ही में एक नयी नीति बनाई है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम मंत्री (श्री के० डी० मालवीय) : (क) और (ख). परिवहन एवं कृषि क्षेत्र में हाई स्पीड डीजल तेल अधिकतर आवश्यक पैट्रोलियम उत्पादों में प्रयोग किया जाता है । जहां तक अतिरिक्त विद्युत जनन के लिए इसके प्रयोग को कम करने तथा इसके उपयोग में दक्षता लाने के लिये निरन्तर प्रयत्न किये जा रहे हैं वहां इसकी बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिये पर्याप्त हाई स्पीड डीजल तेल की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ?

तेल शोधक कारखानों की अधिष्ठापित क्षमता का उपयोग

*189. **श्री सरजू पाण्डे** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सब तेल शोधक कारखानों की अधिष्ठापित क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जाता है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके कारण और तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम मंत्री (श्री के० डी० मालवीय) : (क) और (ख) आन्तरिक शोधनशालाएं जो सभी देशी अशोधित तेल पर आधारित हैं वे गुजरात और असम में तेल क्षेत्रों से प्राप्त सारे अशोधित तेल को साफ़ कर रही हैं । तटवर्ती शोधनशालाएं आयातित कच्चे तेल पर आधारित हैं उन्हें, विदेशी मुद्रा की कठिनाइयों और सम्बन्धित सप्लाई क्षेत्रों में उत्पादों की मांग के कारण चालू वर्ष के दौरान कम स्तर पर कार्य करना पड़ेगा ।

मद्रास रिफाइनरीज का विस्तार

*190 **श्री एम० कल्याणसुन्दरम** : क्या **पेट्रोलियम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास रिफ़ाइनरीज़ लिमिटेड के विस्तार कार्यक्रम सरकार के विचाराधीन हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

पेट्रोलियम मंत्री (श्री के०डी० मालवीय): (क) और (ख) जी, हां। प्रस्ताव में तेल शोधन क्षमता का 2.8 मी० टन प्रति वर्ष से 3.5 मी० टन प्रति वर्ष तथा ल्यूब क्षमता का 200,000 मी० टन से 270,000 मी०टन प्रति वर्ष विस्तार तथा 20,000 मी० टन प्रति वर्ष की क्षमता वाला पेराफिन वैक्स संयंत्र स्थापित करने की परिकल्पना है ।

राष्ट्रीय औषध विकास प्राधिकरण

*191. **श्री पी० गंगादेव** : क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय औषध विकास प्राधिकरण की स्थापना करने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त औषध विकास प्राधिकरण भारत में औषध-निर्माण सम्बन्धी आयोजन करने, लाइसेंस देने तथा उत्पादन क्षमता का विस्तार करने का पूरा कार्यभार संभालेगा ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) कार्यों के प्रवाह तथा आवश्यक औषधों के उत्पादन एवं अधिकतम लोगों में वितरण करने के मूल उद्देश्य को प्राप्त करने के विचार से औषध और भेषज उद्योग समिति ने एक सांविधिक निकाय जिसे भारत का राष्ट्रीय औषध प्राधिकरण के नाम से पुकारा जाए स्थापित करने की सिफारिश की। समिति द्वारा एन० डी०ए० के विभिन्न कार्य, उसकी बनावट तथा वित्त सम्बन्धी तरीके भी बताए गये हैं। समिति द्वारा बताए गये तरीकों पर एन० डी० ए० के सृजन में जो कठिनाइयां हैं उन्हें विशेषकर भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में विद्यमान संविधिक उत्तरदायित्वों के संदर्भ में अध्ययन किया जा रहा है ।

तेल का उपयोग कम करने की माँग

*193. **श्री वाई० ईश्वर रेड्डी** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या उन्होंने हाल ही में देश में तेल का उपयोग कम करने की मांग की थी ; और

(ख) यदि हां, तो देश की ऊर्जा सम्बन्धी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए सरकार ने इस दिशा में क्या कदम उठाए हैं ?

पेट्रोलियम मंत्री (श्री के० डी० मालवीय) : (क) जी हां ।

(ख) जबकि देश की कुल ऊर्जा की सारी आवश्यकता को अनिवार्य रूप से पूरा करते हुऐ अनावश्यक खपत को कम करने तथा पेट्रोलियम उत्पादों के प्रयोग में कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए राजस्व तथा विनियमित साधनों के माध्यम से पेट्रोलियम उत्पादों के प्रयोग को रोका गया है। कोयले के प्रयोग को प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में प्रोत्साहन देने के लिए बढ़ावा दिया गया है विद्युत प्रजनन क्षमता तथा कोयले का उत्पादन तथा उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए प्राथमिकता दी गई है। ऊर्जा के गैर-परम्परागत के संसाधनों विकास कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है।

रेल विकास के लिए निर्धारित राशि

*194 **श्रीमती पार्वती कृष्णन** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल विकास के लिए 2,350 करोड़ रुपये की राशि नियत करने का प्रस्ताव: है ; और

(ख) क्या रेलवे बोर्ड ने इसके लिए कोई योजना प्रस्तुत की है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख). रेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्तावों को विस्तृत रूप से जांच करने के बाद, रेलों के विकास कार्यक्रम के लिये योजना आयोग ने 2,350 करोड़ रुपये के परिव्यय की स्वीकृति दी है और उसे पांचवीं पंचवर्षीय योजना के मसौदे में शामिल कर लिया गया है।

बेकार पड़े भाप के रेल इंजनों की मरम्मत

*195. **श्री रघुनन्दन लाल भाटिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनेक भाप के रेल इंजन बेकार पड़े हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या तेल की खपत में किफायत बरतने के लिए उनकी मरम्मत करने के लिये कोई कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) भाप रेल इंजन भारतीय रेलों पर बेकार नहीं पड़े हैं किन्तु अनुसूचित अनुरक्षण सम्बन्धी मरम्मता धीन इंजनों के अलावा मौसमी और अस्थिर यातायात की जरूरतों को पूरा करने के लिए दिसम्बर, 1975 में 314 भाप रेल इंजन अच्छी यांत्रिक अवस्था में जमा रखे गये थे।

(ख) विभिन्न श्रेणियों के भाप रेल इंजनों का निवारणात्मक अनुसूचित अनुरक्षण और आवधिक ओवरहाल एक निर्धारित किलोमीटर दूरी/समय पर किया जाता है ताकि उन्हें अच्छी हालत में रखा

जा सके। यह कार्य रेलों के अपने मरम्मत कारखानों/शेडों में किया जाता है किन्तु अतिरिक्त सहायता के रूप में चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना इस प्रयोजन के लिए रेलों को सहायता पहुंचाने हेतु भाप रेल इंजनो के मोशन पुर्जे पुन: बना रहा है। भाप इंजनों द्वारा जो तेल इस्तेमाल में लाया जाता है वह स्नेहन के लिए होता है और ट्रिप-राशन पर सख्त नियंत्रण लगा है जिससे आवश्यक निगरानी सुनिश्चित हो जाती है। डीजल तेल सुरक्षित रखने के लिए डीजल शंटरों का निर्माण कम कर दिया गया है और शंटिंग सेवाओं के लिए भाप रेल इंजनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। तेल सुरक्षित रखने के लिए पावर एसेम्बलियों के टूटे-फूटे महत्वपूर्ण पुर्जों को बदलने से डीजल इंजनों की अवस्था सुधर गई है।

Renovation of Saharanpur Railway Station

*200. **Shri Mulki Raj Saini** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) the funds provided for the renovation of Saharanpur Railway Station; and

(b) the items on which these funds are proposed to be spent?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Bata Singh): (a) & (b) Sir, no funds specifically for renovation have been provided. However, an amount of Rs.50,000 has been spent on normal maintenance etc. during the current year.

गौहाटी तेल शोधक कारखाने की क्षमता में वृद्धि

*202. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या पैट्रोलियम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में गौहाटी तेल शोधक कारखाने की शोधन क्षमता में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) देश में तेल की मांग पूरी करने में यह वृद्धि कहां तक सहायक होगी ?

पैट्रोलियम मंत्री (श्री के० डी० मालवीय) : (क) से (ग) गौहाटी रिफ़ाइनरीज जो कि 0.75 मिलियन टन प्रति वर्ष कच्चे तेल को तैयार करने के लिए निर्मित की गई है, निर्मित क्षमता से कुछ अधिक कार्य कर रही है। चालू वर्ष के दौरान (1975–76) रिफ़ाइनरी द्वारा 0.821 मि० टन कच्चे तेल के तैयार किये जाने की आशा है। इस सीमा तक यह वृद्धि पूर्व क्षेत्र में उत्पाद उपलब्धता को बढ़ायेगी।

विदेशी सहयोग में चल रही उर्वरक परियोजनायें

*204. **श्री टुना उराव** :
श्री शंकर नारायण सिंह देव :

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में कितनी-कितनी उर्वरक परियोजनाएं विदेशी सहयोग में चल रही हैं ;

(ख) प्रत्येक उर्वरक परियोजना में इन विदेशी सहयोग-कर्ताओं द्वारा कितना-कितना पूंजी निवेश किया हुआ है ; और

(ग) उनकी संस्थापित तथा प्रयुक्त क्षमता कितनी-कितनी है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : अपेक्षित ब्यौरे देने वाला एक विवरण पत्र सभा पटल पर प्रस्तुत है । [ग्रन्थालय में रखा गया । **देखिए** संख्या एल० टी०–10167/76]

जम्मू तथा कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में पंजीकृत कम्पनियाँ

856. **श्री नारायणचन्द पराशर** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलैण्डर वर्ष 1975 के दौरान जम्मू तथा कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश राज्यों में कम्पनी कानून के अधीन पंजीकृत की गई कम्पनियों के नाम क्या हैं; और

(ख) इन राज्यों में वर्ष 1974 के लिए इस बारे में तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री वेदव्रत बरूआ) : (क) तथा (ख). 1974 के वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े तथा कलैण्डर वर्ष 1975 के वर्ष में जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों में, कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत, हिस्सों द्वारा सीमित कम्पनियों की संख्या नीचे दी जा रही है :—

राज्य	पंजीकृत कम्पनियों की संख्या	
	1975	1974
जम्मू एवं कश्मीर	11	8
पंजाब	50	97
हरियाणा	21	33
हिमाचल प्रदेश	11	17

Produotion capacities of Refineries of Caltex and Assam Oil Company

857. **Dr. Laxminarayan Pandeya** : Will the Minister of **Petroleum** be pleased to state:

(a) the annual production capacity of the refineries of Caltex and Assam Oil Company;

(b) the capital investment position thereof; and

(c) the number of establishments thereof functioning throughout the country?

The Deputy Minister in the Ministry of Petroleum (Shri Ziaur Rahman Ansari): The information is given below :

	Caltex Oil Refining (India)Ltd.	Assam Oil Company Ltd.
(a) (i) Licenced capacity	0·675 million tonnes per annum	0·50 million tonnes per annum
(ii) Production during 1975	1·55 million tonnes	0·50 million tonnes
(b) Share capital	Rs. 4·50 crores	Rs. 7·48 crores (approximately)
(c) Number of establishments	The Products are marketed by M/s Caltex (India) Ltd. through 5 terminals, 37 Depot companies, 15 depot contractors, 19 rail and road Distributor Tankages, 2 Aviation Depots, 1201 Service Stations, 479 kerosene Distributors and 426 LDO Distributors.	Apart from the main office at digboi, a regional office, two commercial representative offices and one main terminal office, Assam Oil Co. Ltd. have 12 Depots, 164 retail pump outlets and 257 kerosene agencies.

पेट्रोलियम उत्पादों के विक्रेता लाइसेंस देना

858. **श्री एस० एम० सिद्दैया :** क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1974 तथा 1975 में कितने व्यक्तियों को पेट्रोल तथा पेट्रोलियम उत्पादों के विक्रेता लाइसेंस दिये गये हैं; और

(ख) उनमें अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्ति कितने हैं ?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) और (ख). **पैट्रोलियम** उत्पादों के लिए वर्ष 1974 और 1975 के दौरान सरकारी क्षेत्र वाली तेल कम्पनियों द्वारा प्रदान किये गये डीलरशिप की संख्या तथा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को दिये गये डीलरशिप की संख्या नीचे दी गई है :

कम्पनी का नाम	प्रदान किये गये डीलरशिप की कुल संख्या	अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को दी गई डीलरशिप	
		डीलरशिप की संख्या	लाभ-भोगियों की संख्या
आई ओ सी	590	45	50
आई बी पी .	164	2	2
एच पी सी . . .	120	—	—

गेहूं से भरा लापता माल डिब्बा

*859. **श्री एस० एम० बनर्जी :**

श्री सी० के० चन्द्रप्पन :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब से कर्नाटक भेजे गये माल-डिब्बे का, जिसमें गेहूं की 200 बोरियां थीं, डेढ़ वर्ष बाद भी पता नहीं चला; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) और (ख). बुकिंग सम्बन्धी ब्यौरा, जैसे कि माल भेजने वाले और गंतव्य स्टेशन का नाम, बुकिंग की तारीख, माल-डिब्बा नं० आदि, न दिये जाने के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि आशय, गेहूं से भरे हुए उस माल-डिब्बे से है जो उत्तर रेलवे के गुरहरसहाय स्टेशन से कृष्णराजपुरम् स्टेशन को भारतीय खाद्य निगम, बैंगलूर के नाम 9–8–74 को बुक किया गया था। यह परेषण विशेष दक्षिण-मध्य रेलवे के शोलापुर मण्डल में स्थित कृष्णा स्टेशन पर 26–8–74 को गलती से पहुंच गया था, अतः 6–9–74 को यह परेषण वापस शोलापुर भेज दिया गया था जहां अंत में इसे महाराष्ट्र नागरिक पूर्ति निगम के प्राधिकारियों को सौंप दिया गया था। उन्होंने इस बीच कर्नाटक के खाद्य एवं नागरिक पूर्ति निगम को भी जिसने कि अपना दावा पेश किया था, तदनुसार सूचित कर दिया गया था और उसके दावे को निपटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे के निर्माण कार्य और मिट्टी के लिए ठेकेदार

860. **श्री वसंत साठे :**
श्री धामनकर :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलवे के जोन-वार निर्माण कार्य और मिट्टी के लिये पंजीकृत ठेकेदारों की संख्या कितनी है तथा उन्होंने 1974–75 में अनुमानतः कितने श्रमिकों को रोजगार दिया; और

(ख) क्या इन ठेकेदारों तथा इनके द्वारा भर्ती किये गये श्रमिकों की संख्या में गत पांच वर्षों में काफी वृद्धि हुई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) भारतीय रेलों पर पंजीकृत 2788 अनुमोदित ठेकेदार हैं और उनका रेलवे-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

क्र० सं०	रेलवे	पंजीकृत ठेकेदारों की संख्या
1	मध्य	444
2	पूर्व	335
3	उत्तर	447
4	पूर्वोत्तर	392
5	पूर्वोत्तर सीमा	356
6	दक्षिण	220
7	दक्षिण-मध्य	214
8	दक्षिण-पूर्व	38
9	पश्चिम	342

ठेकेदारों द्वारा काम पर रखे गये श्रमिकों की संख्या दिन-प्रतिदिन के काम की माला के आधार पर भिन्न-भिन्न होती है। 1974–75 में काम पर रखे गये श्रमिकों का यथार्थ रिकार्ड रेलों के पास नहीं है।

(ख) जी नहीं।

अल्पसंख्यक समुदायों के वैयक्तिक कानूनों में परिवर्तन.

861. **श्री राजदेव सिंह :** क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार को शरीयत तथा अल्पसंख्यक समुदायों के वैयक्तिक कानूनों में परिवर्तन करने के लिये संबंधित समुदायों से कुछ मांगें प्राप्त हुई हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सैयद मोहम्मद): शरीयत और अल्पसंख्यक समुदायों की अन्य वैयक्तिक विधियों में कतिपय परिवर्तन करने के लिए सरकार को कुछ व्यक्तियों और संगठनों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

पूर्वी तथा उत्तरी राज्यों में नई लाइनों का नर्माण

862. **श्री शक्ति कुमार सरकार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी तथा उत्तर पूर्व राज्यों में राज्यवार, निर्माणाधीन नई लाइनों के नाम क्या हैं;

(ख) प्रत्येक लाइन के लिये कितनी धनराशि मंजूर की गई; और

(ग) प्रत्येक लाइन के पूरा होने का निर्धारित समय क्या-क्या है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग). एक विवरण संलग्न है।

विवरण

पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में निर्माणाधीन नयी रेलवे लाइनों का ब्यौरा

निर्माण का नाम	लम्बाई (कि० मी० में)	लागत (करोड़ रुपयों में)	स्वीकृति की तारीख	पूरा होने की लक्ष तारीख
1	2	3	4	5
1. झंझारपुर–लौकहा बाजार मी० ला० (बिहार)	42.30	2.58	25–6–74	जून, 76 (अनन्तिम)

1	2	3	4	5
2. सरायगढ़–प्रतापगंज मी०ला० (बिहार)	23.0	1.61	29-5-73	जून, 74 में यातायात के लिए खोल दी गयी है
3. प्रतापगंज–फारबिसगंज (बिहार)	41.0	3.37	22–10–73	अक्तूबर, 75 में यातायात के लिए खोल दी गयी है
4. बगहा–छितौनी (उ० प्र०) (बिहार)	28.41	6.74 (बाढ़ से बचाव के काम की लागत को छोड़कर)	9–11–73	1–4–79
5. हसनपुर–सकरी (बिहार)	74.90	5.96	प्राक्कलन पर विचार हो रहा है	अभी तक तारीख निश्चित नहीं हुयी है।
6. हवड़ा–आम्ता ब०ला० बरगछिया–चम्पाडांगा शाखा लाइन के साथ (प० बंगाल)	73.53	10.72	6–12–75	1–4–79
7. हवड़ा–शियाखला ब० ला० (प० बंगाल)	17.1	3.5	प्राक्कलन पर विचार हो रहा है	1–4–78
8. हल्दिया रेल सम्पर्क का शेष भाग (प० बंगाल)	17.1	13.30 (सारी परियोजना के लिए)	31–1–63	जून, 1976
9. बांसबानी–जाखापुरा (उड़ीसा)	176.00	39.00	अंतिम स्थान निर्धारण के सर्वेक्षण का काम प्रगति पर है।	

औषधियों के मूल्य तथा उत्पादन संबंधी नीति

863. **श्री रानेन सेन :**
श्रीमती रोजा विद्याधर देश पाँडे :

क्या **रसायन और उर्वरक** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने औषधियों के मूल्य तथा उत्पादन सम्बन्धी नीति की अभी तक घोषणा नहीं की है ;

(ख) यदि हां, तो इस विलम्ब के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या भारतीय फार्मास्यूटिकल उत्पादक संगठन, जो भारत की बहु-राष्ट्रीय कम्पनियों का प्रतिनिधित्व करता है, औषधियों के उत्पादन को बढ़ा कर पांचवीं योजना में रखे गये लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से अब राहत की मांग कर रहा है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख). श्री जयसुख लाल हाथी की अध्यक्षता में गठित औषध और भेषज उद्योग समिति ने औषध निर्धारण के सम्बन्ध में विस्तृत सिफारिशें की हैं। समिति द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार करने सम्बन्धी कठिनाइयों के सम्बन्ध में प्रारम्भिक जांच की गई है। ऐसा पाया गया है कि इन सिफारिशों को स्वीकार करने से कुछ उत्पादों के मूल्यों में कमी करने में मदद मिलेगी किन्तु अनेक आवश्यक औषधों के मूल्य में वृद्धि होगी। इन कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सरकार इस प्रश्न पर सतर्कतापूर्वक विचार कर रही है।

(ग) मूल्य निर्धारण नीति के सम्बन्ध में भारत के भेषज उत्पादक संगठन, भारतीय औषध उत्पादक संगठन, अखिल भारतीय उत्पादक संगठन ने सरकार को अभ्यावेदन दिये हैं। नई नीति को अन्तिम रूप देने से पूर्व उन अभ्यावेदनों पर विचार किया जायेगा।

वर्ष 1975–76 के लिए कलकत्ता ट्यूब रेलवे के लिए नियतन

864. **श्री ए० के० किस्कू** : क्या **रेल** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कलकत्ता ट्यूब रेलवे के लिये वर्ष 1975–76 के लिये 8.50 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो अब तक कितना कार्य किया गया है और कितना धन खर्च किया गया है ; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कितना कार्य पूरा किये जाने की आशा है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) 1975-76 के लिए ट्यूब रेल परियोजना कलकत्ता के लिए 8.4 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गयी है।

(ख) दिसम्बर, 1975 तक लगभग 8 प्रतिशत परियोजना कार्य किया जा चुका है। चार मुख्य ठेका खण्डों, संख्या 1, 2, 11 और 12 पर कार्य चल रहा है और अन्य दो खण्डों के लिए टेण्डरों पर विचार हो रहा है।

नवम्बर, 1975 तक इस परियोजना पर अनुमानत: 14.01 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है।

(ग) जिन खण्डों पर ठेके दिये गये हैं, उन पर 1975–76 के दौरान कार्य समाप्त नहीं होगा।

कांडला पत्तन तथा गांधीधाम के लिए नया ब्रॉड गेज लाइन कनेक्शन

865. **श्री पी० जी० मावलंकर** : क्या **रेल** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कच्छ, गुजरात में स्थित कांडला पत्तन तथा गांधीधाम दिल्ली के साथ एक सीधी ब्रॉड गेज रेलगाड़ी से नहीं जोड़े गये हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार ऐसी एक सीधी नई ब्राड गेज लाइन निर्माण करने का है ;

(ग) यदि हां, तो कब ; और

(घ) क्या बम्बई और गांधीधाम (कच्छ) बरास्ता अहमदाबाद की वर्तमान ब्रॉड गेज लाइन का भुज, कच्छ तक विस्तार किया जा रहा है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) कांडला पोर्ट और गांधीधाम, बड़ी लाइन द्वारा दिल्ली से पहले से ही सम्बद्ध है, यद्यपि इन स्टेशनों और दिल्ली के बीच कोई सीधी गाड़ी नहीं है क्योंकि चक्करदार बड़ी लाइन के मार्ग से गाड़ी चलाना उचित नहीं समझा जाता। अजमेर, पालनपुर और डीसा के रास्ते दिल्ली, कांडला और गांधीधाम के बीच मीटर लाइन वाला अपेक्षाकृत छोटा रेल मार्ग भी मौजूद है, दिल्ली-पालनपुर-अहमदाबाद मीटर लाइन खण्ड का बड़ी लाइन में आमान-परिवर्तन, जिसमें कुछ खण्डों पर समानान्तर बड़ी लाइनें बिछानी होंगी, विचाराधीन है। सर्वेक्षण रिपोर्ट की जांच के बाद आमान-परिवर्तन सम्बन्धी इस परियोजना पर निर्णय किया जायेगा, बशर्ते कि पर्याप्त धन उपलब्ध हो।

(घ) गांधीधाम-भुज मीटर लाइन खण्ड के बड़ी लाइन में आमान-परिवर्तन के लिए इंजीनियरी-एवं यातायात सर्वेक्षण हो चुके हैं और सर्वेक्षण रिपोर्टों की जांच की जा रही है। इस जांच के पूरा हो जाने के बाद कोई निर्णय लिया जायेगा। बशर्ते पर्याप्त धन उपलब्ध हो।

एर्नाकुलम-क्विलोन लाइन का बड़ी लाइन में बदला जाना

866. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन** : क्या **रेल** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एर्नाकुलम-क्विलोन रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदला जा चुका है ;

(ख) क्विलोन-त्रिवेन्द्रम रेलवे लाइन के कब तक बदले जाने की सम्भावना है ; और

(ग) इस नई रेल लाइन से होते हुए मद्रास, दिल्ली, मंगलौर और अन्य स्थानों के लिए कब तक एक्सप्रैस रेलगाड़ियां चलाने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां।

(ख) 1976 के मध्य तक।

(ग) और (घ): आजकल कोचीन से आरम्भ/वहां पर समाप्त होने वाली लम्बी दूरी की गाड़ियों को कोच्चिन से और आगे बढ़ाने के प्रश्न पर कोल्लम तिरुवनन्तपुरम बड़ी लाइन खण्ड को यात्री यातायात के लिए खोले जाने के पश्चात् ही यथोचित रूप से विचार किया जायेगा।

धनबाद में कटरी पम्प हाउस से विद्युत ट्रांसफार्मर की चोरी

867. **श्री चन्द्रिका प्रसाद** : क्या **रेल** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या धनवाद पूर्व रेलवे में कटरी पम्प हाउस से कई लाख रुपये के मूल्य वाले विद्युत ट्रांसफार्मर की चोरी हो गयी थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटासिंह) : (क) जी नहीं। दरभंगा जंकशन और मोहम्मदपुर स्टेशनों के बीच दरभंगा से 5.75 किलोमीटर की दूरी पर शहवाजपुर गांव (सीसोगांव नहीं) के निकट एक हाल्ट स्टेशन खोलने की स्वीकृति दी गयी थी। बिहार सरकार की सिफारिश पर इसका नाम 'शीशो' रखा गया है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

एकाधिकार गृहों द्वारा एकाधिकार तथा प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया नियमों का उल्लंघन

913. **श्री समर गुह** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी** कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात स्थिति के दौरान कितने एकाधिकार गृहों को एकाधिकार तथा प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में नोटिस जारी किये गये हैं ; और

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र गृहों को भी इस प्रकार के नोटिस जारी किए गये हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बेदब्रत बरूआ): (क) तथा (ख). 26 जून, 1975 (जब आपात स्थिति लागू की गई थी) से 31-12-1975 तक की अवधि में एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा आयोग द्वारा काफी संख्या में उपक्रमों या अन्यों पर 73 मामलों में, जिन पर प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रथाओं में ग्रस्त होने के आरोप थे, के विषय में जांच के नोटिस जारी किये गये थे। इन में समाचार पत्रों के प्रकाशन कार्य में ग्रस्त काफी संख्या में उपक्रम सम्मिलित हैं ।

पेट्रोल पम्पों पर मिट्टी का तेल तथा वस्तुएं बेचने की योजना

914. **श्री ज्योतिर्मय वसु** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाले पेट्रोल पम्पों के माध्यम से मिट्टी का तेल तथा सामूहिक उपभोग की अन्य वस्तुएं बेचने की कोई योजना तैयार की है ; और

(ख) उक्त योजना कब तक क्रियान्वित कर दी जायेगी ?

पेट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) इस मंत्रालय की प्रेरणा पर सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों, अर्थात् इंडियन आयल कारपोरेशन लि०;

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि० और इन्डो बर्मा पेट्रोलियम कम्पनी लि० ने ग्रामी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित अपने अनेक फुटकर बिक्री केन्द्रों को अ ततः बहु-उद्देश्यीय ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बदलने का कार्यक्रम प्रारम्भ किया है । विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों के अतिरिक्त जिनमें मिट्टी का तेल भी शामिल है, ये केन्द्र अनेक वस्तुओं और सेवाओं जिनकी ग्रामीण जनता को आवश्यकता होती है, जैसे प्रमाणित बीज, उर्वरक और अन्य कृषि सम्बन्धी कच्चे माल और आवश्यक पदार्थों, जैसे कन्ट्रोल का कपड़ा, आम घरेलू औषध साबुन, वनस्पति और ईंधन तेल (सील किये हुए टिन में) साइकिल के टायर और ट्यूब, ट्रैक्टर के पुर्जे, टार्चों के सैल आदि को भी बेचेंगे ।

(ख) अब तक देश के विभिन्न भागों में एक सौ चौदह ऐसे केन्द्र खोले गये हैं।

ब्राड गेज वैगनों का उपयोग में न लाना

915. श्री ज्योतिर्मय बसु: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत छः महीनों में कितने ब्राड गेज वैगन अप्रयुक्त पड़े रहे हैं ; और

(ख) ब्राड गेज वैगनों का उपयोग में न लाने के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) सूचना इस प्रकार है :—

महीना	बेकार पड़े बड़ी लाइन के माल डिब्बों की दैनिक औसत संख्या
जुलाई, 1975	352
अगस्त, 1975	5,176
सितम्बर, 1975	9,533
अक्तूबर; 1975	20,730
नवम्बर, 1975	19,932
दिसम्बर, 1975	10,830

(ख) थर्मल स्टेशनों, सीमेंट कारखानों आदि जैसे प्रमुख उपभोक्ताओं द्वारा कोयले की कम खरीद के कारण और विश्व बाजार में मन्दी के फलस्वरूप निर्यात के लिए लौह अयस्क के कम संचलन के कारण भी पिछले छः महीनों में बड़ी लाइन के माल डिब्बे आवश्यकता से अधिक रहे ।

स्नेहकों के बारे में तकनीकी जानकारी हेतु कैस्ट्रोल इन्टरनेशनल के साथ भारतीय तेल निगम का समझौता

916. **श्री बंसत साठे** : क्या **पैट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय तेल निगम फरीदाबाद स्थित अपने अनुसन्धान तथा विकास केन्द्र के लिये स्नेहकों के बारे में तकनीकी जानकारी हेतु कैस्ट्रोल इन्टरनेशनल के साथ समझौता करने वाला है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउरर्हमान अंसारी): (क) और (ख) जी हां। करार पर अभी हस्ताक्षर होने हैं।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

Paper laid on the Table

महाराष्ट्र, पंजाब, केरल, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश राज्यों के बारे में परिसीमन आयोग के आदेश और बिहार तथा बम्बई के परिषद् निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन

विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सईद मोहम्मद) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) परिसीमन अधिनियम, 1972 की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :–

(एक) सां० आ० 722 (ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 22 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें महाराष्ट्र राज्य के सम्बन्ध में दिनांक 7 दिसम्बर, 1974 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 30 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

(दो) सां० आ० 728 (ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 26 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें पंजाब राज्य के सम्बन्ध में दिनांक 24 मई, 1975 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 41 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

(तीन) सां० आ० 737(ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 29 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें केरल राज्य के सम्बन्ध में दिनांक 27 जुलाई, 1974 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 18 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

(चार) सां० आ० 738 (ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 31 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें हरियाणा राज्य के सम्बन्ध में दिनांक 2 दिसम्बर, 1974 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 28 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

(पांच) सां० आ० 739 (ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 31 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें पश्चिम बंगाल राज्य के सम्बन्ध में दिनांक 30 जून, 1975 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 45 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

(छः) सा० आ० 740(ङ) जो भारत के राजस्व दिनांक 31 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें मिजोरम संघ राज्यक्षेत्र के सम्बन्ध में दिनांक 8 फरवरी, 1975 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 33 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

(सात) सां० आ० 3 (ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 2 जनवरी, 1976 में प्रकाशित हुआ था और जिसमें कर्नाटक राज्य के सम्बन्ध में दिनांक 5 अगस्त, 1974 के परिसीमन आयोग के आदेश संख्या 20 में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल० टी० 101 55/76]।

(2) अधिसूचना संख्या सां० आ० 723 (ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 22 दिसम्बर, 1975 में प्रकाशित हुई थी और जिसमें संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 की धारा 43ग की उपधारा (8) के अधीन अरूणाचल प्रदेश संघ राज्यक्षेत्र के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग के दिनांक 5 नवम्बर, 1975 के आदेश में कतिपय शुद्धियां की गई हैं।
[ग्रंथालय में रखा गया। **देखिए** संख्या एल० टी० 10156/76]।

(3) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13 की उपधारा (3) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) परिषद् निर्वाचन क्षेत्रों (बिहार) का परिसीमन संशोधन आदेश, 1975 जो भारत के राजपत्र दिनांक 16 सितम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 494 (ङ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) परिषद् निर्वाचन क्षेत्रों (बम्बई) का परिसीमन संशोधन आदेश, 1975 जो भारत के राजपत्र दिनांक 27 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 589 (ङ) में प्रकाशित हुआ था।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल० टी० 10157/76]।

बी० ओ० एन० (बीटा ओक्सी नेप्थाइक) ऐसिड के मूल्य ढांचे सम्बन्धी टैरिफ आयोग का प्रतिवेदन, 1974 और उसपर सरकार की सिफारिशें

पेट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) टैरिफ आयोग अधिनियम, 1951 की धारा 46 की उपधारा (2) के अधीन निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) बी० ओ० एन० (बीटा ओक्सी नेपथाइक) ऐसिड के मूल्य ढांचे सम्बन्धी टैरिफ आयोग का प्रतिवेदन (1974) ।

(दो) उपर्युक्त प्रतिवेदन पर सरकारी निर्णय अधिनियम करन वाला सरकारी संकल्प संख्या 19011/4/75 पी सी० 1, दिनांक 14 जनवरी, 1976 ।

(2) उपर्युक्त अधिनियम की धारा 16 को उपधारा (2) में निर्धारित अवधि के अन्दर उपर्युक्त दस्तावेज सभा पटल पर न रखे जाने के कारण बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।
[ग्रंथालय में रखे गये । देखिए सख्या एल० टी० 10158/76]। ।

एकाधिकार तथा निबन्धनकारी व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत नियम और कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन अधिसूचनाएं

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री वेदव्रत वरमा) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 67 की उपधारा (3) के अधीन एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार व्यवहार आयोग (जांच निदेशक की भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 13 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2785 में प्रकाशित हुए थे ।

[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 10159/76]

(2) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 620 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई प्रारूप अधिसूचना संख्या 15/30/75–आईजीसी (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 620 की उपधारा (2) के अधीन इस अधिनियम की धारा 198, 259, 268, 269, 309, 310, 311, 387 तथा 388 के सरकारी कंपनियों पर लागु होने के बारे में है ।
[ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 10160/76]

(3) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 642 की उपधारा (3) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) कम्पनी (केन्द्रीय सरकारी) सामान्य नियम तथा प्रपत्र (संशोधन) नियम, 1975 (हिन्दी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 2 अगस्त, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 936 में प्रकाशित हुए थे ।

(दो) कम्पनी (केन्द्रीय सरकारी) सामान्य नियम तथा प्रपत्र (दूसरा संशोधन) नियम, 1975 (हिन्दी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 18 अक्तूबर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2531 में प्रकाशित हुए थे ।

(तीन) कम्पनी (आरक्षित निधि में लाभ का अन्तरण) नियम, 1975 (हिन्दी संस्करण जो भारत के राजपत्र दिनांक 18 अक्तूबर, 1975 मे अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2532 में प्रकाशित हुए थे ।

(चार) कम्पनी (आरक्षित निधि में से लाभांश की घोषणा) नियम, 1975 (हिन्दी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 18 अक्तूबर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2533 में प्रकाशित हुए थे ।

(पांच) कम्पनी (केन्द्रीय सरकारी) सामान्य नियम तथा प्रपत्र (तीसरा संशोधन) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 1 नवम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2596 में प्रकाशित हुए थे ।

(छः) कम्पनी समापन लेखा (संशोधन) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 1 नवम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2597 में प्रकाशित हुए थे ।

(सात) कम्पनी (केन्द्रीय सरकार को अपील) संशोधन नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 1 नवम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2598 में प्रकाशित हुए थे ।

(आठ) कम्पनी (केन्द्रीय सरकारी) सामान्य नियम तथा प्रपत्र (चौथा संशोधन) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 13 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 2828 में प्रकाशित हुए थे ।

(नौ) कम्पनी विधि बोर्ड (बैंच) नियम, 1975 जो भारत के राजपत्र दिनांक 12 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा सां० नि० 583(ङ) में प्रकाशित हुए थे तथा उसका शुद्धिपत्र जो अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 11(ङ) दिनांक 3 जनवरी, 1976 में प्रकाशित हुआ था ।

(दस) लागत लेखा अभिलेख (पटसन उत्पाद) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 29 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 590(ङ) में प्रकाशित हुए थे ।

(ग्यारह) लागत लेखा अभिलेख (औद्योगिक अल्कोहल) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 30 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 594(ङ) में प्रकाशित हुए थे ।

(बारह) लागत लेखा अभिलेख (कागज) नियम, 1975 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो भारत के राजपत्र दिनांक 31 दिसम्बर, 1975 में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 601(ङ) में प्रकाशित हुए थे ।

(तेरह) उपर्युक्त अधिसूचना (नौ) के हिन्दी संस्करण को अंग्रेजी संस्करण के साथ सभा पटल पर न रखे जाने के कारण बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

[ग्रंथालय में रखे गये । **देखिये** संख्या एल० टी० 10161/76]

हिन्दुस्तान आर्गेनिक रसायन लिमिटेड, रसायनी और भारत औषध तथा भेषज लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 1974-75 के कार्यकरण की समीक्षा तथा वार्षिक प्रतिवेदन और औद्योगिक अल्कोहल के मूल्य ढांचे के बारे में टैरिफ आयोग के प्रतिवेदन को सभा पटल पर न रखने के कारण बताने वाला विवरण

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सी० पी० माझी) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(क) (एक) हिन्दुस्तान आर्गेनिक रसायन लिमिटेड, रसायनी (महाराष्ट्र) के वर्ष 1974-75 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) हिन्दुस्तान आर्गेनिक रसायन लिमिटेड, रसायनी (महाराष्ट्र) का वर्ष 1974–75 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

[ग्रंथालय में रखे गये। **देखिये** संख्या एल० टी० 10162/76]

(ख) (एक) भारत औषध तथा भेषज लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 1974-75 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) भारतीय औषध तथा भेषज लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 1974–75 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

[ग्रंथालय में रखे गये । **देखिये** संख्या एल० टी० 10163/76]

(2) टैरिफ़ आयोग अधिनियम, 1951 की धारा 16 की उपधारा (2) के परन्तुक के अन्तर्गत एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जिसमें औद्योगिक अल्कोहल के मूल्य ढांचे के बारे में टैरिफ़ आयोग का प्रतिवेदन, जो आयोग द्वारा 19-2-1975 को केन्द्रीय सरकार को पेश किया गया था, निर्धारित अवधि में सभा पटल पर न रखे जाने के कारण बताये गये हैं।

[ग्रंथालय में रखा गया। **देखिये** संख्या एल०टी० 10164/76]

तमिलनाडु कृषि उद्योग निगम लिमिटेड मद्रास के वर्ष 1973–74 का वार्षिक प्रतिवेदन और उर्वरक (लाने-ले-जाने पर नियंत्रण) आदेश, 1976

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में उपमंत्री (श्री प्रभुदास पटेल) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :–

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत तमिलनाडु कृषि उद्योग निगम लिमिटेड, मद्रास के वर्ष 1973–74 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, लेखापरीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[ग्रंथालय में रखा गया। **देखिये** संख्या एल ०टी० 10165/76]

(2) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अन्तर्गत उर्वरक (लाने-ले-जाने पर नियंत्रण) संशोधन आदेश, 1976 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति जो दिनांक 5 जनवरी, 1976 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा सां० नि० 13(ङ) में प्रकाशित हुआ था।

[ग्रंथालय में रखा गया। **देखिये** संख्या एल०टी० 10166/76]

विशेषाधिकार समिति

COMMITTEE ON PRIVILEGES

16 वाँ प्रतिवेदन

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे (वेतुल) : मैं विशेषाधिकार समिति का 16वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण (संशोधन) विधेयक

CONSERVATION OF FOREIGN EXCHANGE AND PREVENTION OF SMUGGLING ACTIVITIES (AMENDMENT) BILL

राजस्व और बैंककारी विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण अधिनियम, 1974 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है ।

"कि विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण अधिनियम, 1974 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : मैं विधेयक पुर:स्थापित करता हूं ।

विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण (संशोधन) अध्यादेश के बारे में विवरण

STATEMENT REGARDING CONSERVATION OF FOREIGN EXCHANGE AND PREVENTION OF SMUGGLING ACTIVITIES (AMENDMENT) ORDINANCE

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) : मैं विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण (दूसरा संशोधन) अध्यादेश, 1975 द्वारा तुरन्त विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला एक व्याख्यात्मक विवरण सभा पटल पर रखता हूं जैसाकि लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 71(1) के अन्तर्गत अपेक्षित है ।

आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना (संशोधन) विधेयक

MAINTENANCE OF INTERNAL SECURITY (AMENDMENT) BILL

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) :

मैं प्रस्ताव करता हूं कि आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ : "कि आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : जब शुरू में आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना विधेयक प्रगतिशील कदमों के क्रियान्वयन का विरोध करने वालों को दण्डित करने हेतु पुर:स्थापित किया गया था तो हमने उसका समर्थन किया था । उस समय गृह मंत्री ने हमें यह आश्वासन दिया था कि इस का प्रयोग विवेकपूर्ण ढंग से किया जायेगा और राजनीतिक लाभों के लिए इसका प्रयोग नहीं किया जायेगा । इस विधेयक को पुर:स्थापित करने पर मेरी आपत्ति यह है कि विधेयक के उद्देश्य और कारण सम्बन्धी विवरण में कहा गया है :

" . . . किसी भी नजरबन्द व्यक्ति को कोई कारण, सूचना अथवा अन्य कोई बात बताने अथवा उस पर प्रकट करना आवश्यक नहीं है ।"

यह बहुत ही आपत्तिजनक है । किसी भी व्यक्ति को एक साधारण से पुलिस सब- इन्सपेक्टर अथवा उसकी अनुपस्थिति में एक सिपाही की रिपोर्ट पर वर्षों के लिए जेल में डाल दिया जायेगा ।

आल इण्डिया डिफेन्स इम्पलाईज़ फेडरेशन के प्रतिनिधियों का अब सक्रिय राजनीति से कोई सम्बन्धी नहीं है। इसकी कार्यकारिणी समिति के सदस्य श्री एम० के० राहुल को कलकत्ता में उच्च-न्यायालय द्वारा दो बार जमानत दी जा चुकी है परन्तु वह फिर भी नजरबन्द है। उसके विरुद्ध आरोप यह है कि 1973 में वह अलीपुर पुलिस स्टेशन में बम फैंक रहा था। उसे 1975 में गिरफ्तार किया गया। महाराष्ट्र में अम्बरनाथ के आयुद्ध कारखाने के महाप्रबन्धक तथा कर्मचारियों में कोई विवाद चल रहा था। यह विवाद महाप्रबन्धक तथा स्टाफ यूनियन ने मिलकर हल कर लिया। बाद में महाप्रबन्धक ने पुलिस से साठगांठ कर के हमारे प्रतिनिधियों को गिरफ्तार करा दिया। हमारा यह अनुभव रहा है कि गृह मंत्री के आश्वासन दिये जाने के बाजूद भी इस अधिनियम के अन्तर्गत सरकार को प्राप्त शक्तियों का दुरुपयोग किया गया है। अब वह और शक्तियां चाहती है और कुलदीप नैयर के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के कारण ऐसा और भी आवश्यक हो गया है। इसी कारण मैं इसका विरोध करता हूं। इस घातक कानून को वापस लिया जाना चाहिये।

श्री सोमनाथ चटर्जी (बर्दवान) : सरकारी महान्यायवादी द्वारा तर्क दिया गया है कि देश में जीने का अधिकार नहीं है; स्वतंत्रता का अधिकार नहीं है। सरकार इसे साबित कर रही है। इस कानून को पास करने से पूर्व सरकार हमें यह बताए कि उच्चतम न्यायालय का इस बारे में क्या उत्तर है, यह अत्यधिक घातक कानून है।

श्री एफ० एच० मोहसिन : यह आपातकालीन विधान है। ऐसी परिस्थिति पैदा होने के कारण आपात-स्थिति की घोषणा की गई थी और तभी ऐसा कानून लाना अनिवार्य हो गया था। जहां तक आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम का दुरुपयोग किये जाने के कुछ मामलों के बारे में मिली शिकायतों का सम्बन्ध है मैं ऐसी सम्भावना से इनकार नहीं करता लेकिन सरकार की नीति रही है कि 'आंसुका' के अन्तर्गत नजरबन्द व्यक्तियों के मामलों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। यदि कुछ मामलों में दुरुपयोग हुआ है तो केन्द्रीय सरकार को राज्य सरकार से रिपोर्ट प्राप्त करने का अधिकार है और केन्द्रीय सरकार नजरबन्दी के आदेश को रद्द कर सकती है। यदि ऐसे मामले केन्द्रीय सरकार के ध्यान में लाये जाय तो वह निश्चय ही उनकी जांच करेगी।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

लोक-सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided

पक्ष में--127 : विपक्ष में--27
Ayes 127 : Noes 27

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

श्री एफ० एच० मोहसिन : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना (संशोधन) अध्यादेशों के बारे में विवरण

STATE MENT REGARDING MAINTENANCE OF INTERNAL SECURITY (AMENDMENT) ORDINANCES.

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : मैं आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना (तीसरा संशोधन) अध्यादेश, 1975 और आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना (चौथा संशोधन) अध्यादेश, 1975 द्वारा तुरन्त विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला एक व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं जैसाकि लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 71(1) के अधीन अपेक्षित है ।

तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अध्यादेश के निरनुमोदन के बारे में सांविधिक संकल्प

और

तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) विधेयक

STATUTORY RESOLUTION *RE.* SMUGGLERS AND FOREIGN EXCHANG E MANIPULATORS (FORFEITURE OF PROPERTY) ORDINANCE AND SMUGGLERS AND FOREIGN EXCHANGE MANIPULATORS (FORFEITURE OF PROPERTY), BILL

अध्यक्ष महोदय : अब हम तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अध्यादेश, 1975 पर श्री इराज्मु-द-सेकैरा के सांविधिक संकल्प पर विचार करेंगे ।

निर्माण तथा आवास और संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) : कार्य मंत्रणा समिति सभी तथ्यों पर विचार करके विभिन्न मदों के लिए समय नियत करती है । कल आय तथा धन स्वेच्छया प्रकटन विधेयक के लिये, तीन घंटे नियत किये गये थे परन्तु हमने 5 घंटे लिये । इस तरह हम कार्य पूरा नहीं कर सकते । इस विधेयक के लिये 2 घंटे नियत किये गये हैं । मंत्री महोदय 14.45 बजे वाद-विवाद का उत्तर देंगे । शेष आधा घंटा खंडवार चर्चा तथा तीसरे वाचन के लिए होगा ।

अध्यक्ष महोदय : यह ठीक है ।

श्री इराज्मु-द-सेकैरा (मारमागोआ) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 5 नवम्बर, 1975 को प्रख्यापित तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अध्यादेश, 1975 (1975 का अध्यादेश संख्या 20) का निरनुमोदन करती है ।"

यह अध्यादेश फासिस्टवाद का एक उदाहरण है जिसके अन्तर्गत यह सरकार कार्य कर रही है । यह बड़े दुःख की बात है कि हाल में 20 अध्यादेश जारी किये गये हैं और हमारा देश संसद् द्वारा विधान बनाने की अपेक्षा अध्यादेशों के माध्यम से शासित किया जा रहा है ।

हम इस सिद्धान्त के विरुद्ध नहीं हैं कि जो सम्पत्ति तस्करी और विदेशी मुद्रा छलसाधन द्वारा अर्जित की गई है उसे जब्त किया जाना चाहिये। वस्तुतः जब विदेशी मुद्रा संरक्षण तथा तस्करी गतिविधि निवारण अधिनियम पर चर्चा की जा रही थी तो सदन के इस पक्ष ने तस्करी और विदेशी मुद्रा छलसाधन द्वारा अर्जित की गई तथा उससे प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित सम्पत्ति के समपहरण की मांग की थी और सरकार ने इसका विरोध किया था।

यह किसी भी किस्म के अध्यादेश का विषय नहीं है। यह विषय पहले सदन के समक्ष लाया जाना चाहिये और बाद में इसे प्रवर समिति को भेजा जाना चाहिये था क्योंकि ऐसे उपायों के दुरुपयोग की पर्याप्त सम्भावना होती है। गोआ में नजरबन्दी निवारक अधिनियम के अन्तर्गत पंजिम नगरपालिका के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष बिना मुकदमा चलाये और बिना आरोप के जेल में डाल दिये गये। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। नगरपालिका अधिनियम के उपबन्धों का दुरुपयोग करके उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है और अब स्थानीय सत्तारूढ़ दल का नामनिर्दिष्ट व्यक्ति उस नगरपालिका का अध्यक्ष है। गोआ के उपराज्यपाल इस सरकार के प्रतिनिधि हैं परन्तु उनका व्यवहार ऐसा है जैसाकि किसी दूसरे देश में वह राजदूत हों। एक अन्य मामले में कुछ समय पूर्व एक रिक्शाचालक की नृशंसहत्या कर दी गई। पुलिस को कातिल का पता था फिर भी उसने अपनी अनभिज्ञता प्रकट की। मंत्री महोदय अपने मंत्रालय के किसी व्यक्ति को वहां भेजकर मामले की जांच करायें।

विधेयक के उद्देश्यों से यह पता चलता है कि यह कुछ व्यक्ति विशेष पर लागू होगा। धारा 2(2)क से पता चलता है कि यह समुद्र सीमाशुल्क अधिनियम, 1878, अथवा सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 के अधीन दोषी व्यक्ति पर लागू होगा। मंत्री महोदय इन उपबन्धों पर विचार करें और अधिनियम बन जाने पर यह बात सुनिश्चित करें कि यह केवल उन्हीं लोगों पर लागू हो जो वास्तव में तस्कर हैं तथा विदेशी मुद्रा छलसाधक हैं।

जहां तक न्यायाधिकरण का सम्बन्ध है उसमें एक न्यायाधीश तथा सरकार के तीन संयुक्त सचिव होंगे क्या ऐसे न्यायाधिकरण से मामले की सही समीक्षा करने या न्याय देने की आशा की जा सकती है? हम सब जानते हैं कि इससे क्या होगा? विभागीय अनुदेश जारी किये जायेंगे और समीक्षा एक औपचारिकता मात्र होगी। यदि सरकार तस्करों तथा विदेशी मुद्रा छलसाधकों की सम्पत्ति जब्त करने के लिए वास्तव में गम्भीर है तो जब किसी व्यक्ति के विरूद्ध घोषणा की जाती है तो उसे निष्पक्ष जांच का अवसर दिया जाना चाहिये।

जिन लोगों को नजरबंदी आदेश दिया गया है उन पर इस विधेयक को लागू करने पर मुझे आपत्ति है। यदि हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं तो हमें उन लोगों को तब तक अपराधी नहीं मानना चाहिये जब तक कि वे अपराधी सिद्ध न हो जायें। यदि सरकार लोकतंत्र समाज में विश्वास करती है तो उसने कानून, अपराधी ठहराने और न्यायाधीश का काम स्वयं क्यों संभाल लिया है।

मैं सरकार से अपील करूंगा कि इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपा जाये ताकि इसकी अच्छी तरह जांच हो सके। हम सभी चाहते हैं कि तस्करों और विदेशी मुद्रा छलसाधकों को बढ़ावा न दिया जाये।

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणव कुमार मुखर्जी) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "कि तस्करों तथा विदेशी मुद्रा छलसाधकों को अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति का समपहरण करने और उससे सम्बन्धित या आनुषांगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

महोदय इस विधेयक का उद्देश्य तस्करों और विदेशी मुद्रा छल साधकों (सम्पत्ति समपहरण) अध्यादेश, 1975 का जो राष्ट्रपति द्वारा 5 नवम्बर, 1975 को प्रतिस्थापित किया गया था, कुछ संशोधनों के साथ स्थान लेना है।

जिन परिस्थितियों में यह अध्यादेश जारी करना आवश्यक समझा गया उन्हें पहले ही सभा पटल पर रख दिया गया है। अतः मैं विस्तार में नहीं जाऊंगा।

अध्यादेश की भांति विधेयक में भी यह उपबंध है कि तस्करों और विदेशी मुद्रा छलसाधकों द्वारा अवैध ढंग से हासिल की गयी सम्पत्ति को सरकारी अधिकार में ले लिया जाये ताकि वे समाज-विरोधी और छिपी गतिविधियां जारी न रख सकें। यह विधेयक उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें विदेशी मुद्रा या सीमा-शुल्क कानूनों के अन्तर्गत दोषी पाया गया हो और जिन्हें विदेशी मुद्रा तथा तस्करी गतिविधि निवारण अधिनियम, 1974 के अन्तगत नजरबंदी आदेश किये गये हों। इस विधेयक के उप बंध ऐसे व्यक्तियों के सम्बन्धियोंऔर गठजोड़ रखने वालों पर भी लागू होंगे। यदि यह सिद्ध हो जाता है कि उनकी चल अथवा अचल सम्पत्ति अवैध ढंग से हासिल की गई है तो वह सम्पत्ति केन्द्रीय सरकार जब्त कर लेगी। इस प्रयोजनार्थ अवैध ढंग से हासिल की गई सम्पत्ति का अर्थ होगा कि वह आय या परिसम्पत्तियां जो विधि द्वारा प्रतिषिध ढंग से या कानून का उल्लंघन करके हासिल की गई है।

प्रस्तावित कानून केन्द्रीय सरकार के संयुक्त सचिव के नीचे किसी अन्य अधिकारी द्वारा लागू नहीं किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति की किसी प्रकार की सम्पत्ति के बारे में इस अधिकारी को यह विश्वास हो जाएगा कि यह अवेध रूप से प्राप्त की गई है, तो वह सम्बन्धित व्यक्ति के नाम इस आशय का एक नोटिस जारी करेगा कि इस सम्पत्ति को अवैध रूप से प्राप्त घोषित क्यों न किया जाए और सरकार द्वारा जब्त क्यों न कर लिया जाए। कारण बताओं नोटिस की आपत्तियों पर, यदि कोई है तो, विचार करने और सम्बन्धित व्यक्ति की बातको सुनने का पर्याप्त अवसर देने के बाद अधिकारी यह निर्णय करेगा कि सम्पत्ति अवैध रूप से प्राप्त की गई हैं अथवा नहीं।

विधेयक में यह सुनिश्चित करने का उपबंध किया गया है कि एक बार के दोषी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा नहीं चलाया जाए, पर पेशेवर अपराधी कानून की पकड़ से न बच जाएं। यह उपबंध भी किया गया है कि यदि किसी सम्पत्ति के आधे से कम भाग को प्राप्त करने का साधन अवैध, है, तो प्रभावित व्यक्ति को यह छूट होगी कि वह या तो जुर्माना दे दे या सम्पत्ति को जब्त करा लें।

ऐसे मामले भी आ सकते हैं कि जब अवैध रूप से प्राप्त की गई सम्पत्ति एक ऐसे ट्रस्ट के पास हो जिसे ऐसे व्यक्ति ने बनाया हो जिस पर यह अधिनियम के उपबंध लागू होते हों। अथवा ट्रस्ट ने उस सम्पत्ति को ऐसे व्यक्ति के दान से प्राप्त किया हो। विधेयक में ऐसे मामलों के संबंध में भी एक उपबंध है।

विधेयक में जब्त सम्पत्ति संबंधी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन का भी उपबंध किया गया है जिसमें उपयुक्त अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील की जा सकेगी। इसमें तीन सदस्य होंगे तथा इसका अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति होगा जो सर्वोच्च अथवा उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है अथवा रहा हो अथवा उसके योग्य हो। अपीलीय न्यायिक न्यायधिकरण का निर्णय अंतिम होगा।

विधेयक के उपबंधों से तस्करी और विदेशी मुद्रा के घोटालों, जिनसे देश की अर्थव्यवस्था पर घातक प्रभाव पड़ा रहा है, बहुत लंबी अवधि तक रोका जा सकेगा।

श्री इराज्मु-द-सेकैरा : मैं संशोधन संख्या प्रस्तुत करता हूं।

श्री सोमनाथ चटर्जी (बर्दमान) : विधेयक के उद्देश्य स्वागत योग्य हैं। वस्तुत : यह विधेयक बहुत पहले ही लाना चाहिए था। जब विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियां निवारण अधिनियम यहां पहली बार पेश किया गया था और उस पर चर्चा हो रही थी, तब हमें केवल एक ही भय था कि इसका दुरुपयोग किया जायेगा। जब तक इसे शक्ति के साथ लागू नहीं किया जायेगा यह केवल मात्र कानून का टुकड़ा ही रहेगा।

यह अध्यादेश अब 5 नवम्बर, 1976 को जारी किया गया था। हम मंत्री महोदय से जानना चाहते हैं कि इस अवधि में कितने मामलों पर कार्यवाही की गई है। सरकार ने कितने 'कारण दिखाओं नोटिस जारी किये हैं ? यदि इन लोगों के विरूद्ध तुरन्त कार्यवाही करना अनिवार्य नहीं है तो इस अध्यादेश, का कोई औचित्य नहीं है।

जहां तक तस्करों को दंड देने का सम्बन्ध, सरकार उन्हे अनुकरणीय दंड दे सकती है लेकिन उन पर मुकदमा चलाने के बाद ही सरकार को केवल यह कानून ही नहीं अपितु सामान्य कानून के उपबंध भी लगाने चाहिये। संसद ने इसे ये शक्तियां बिना किसी हिचकिचाहट के दे दी है।

इस विधेयक में कुछ कमियां हैं जिन्हे दूर किया जाना चाहिये। सर्वप्रथम, मुख्य अधिनियम जम्मू और काश्मीर में ही लागू होता था लेकिन यह अधिनियम उस राज्य में लागू नहीं किया जा रहा। क्या वहां गैर कानूनी तरीकों से प्राप्त की गई कोई सम्पत्ति नहीं है ? अवैध तरीकों से धन कमा कर लोग वहां जाकर सम्पत्ति खरीद सकते हैं। यह कहा जा सकता है कि अचल सम्पत्ति अर्जित नहीं की जा सकती ; लेकिन चल सम्पत्ति के बारे में क्या किया है ?

फिर खंड 2(2) (क) के अन्तर्गत यह अधिनियम उन लोगों पर, जिन्हे किसी दोष के लिए अपराधी सिद्ध किया गया है लागू होगा। अधिनियम के अन्तर्गत अदालतों द्वारा किसी दोष को सिद्ध किया जाना चाहिये और अभियुक्त को दंड दिया जाना चाहिये। उदाहरणार्थ, किसी अदालती कार्यवाही में किसी व्यक्ति को अवैध आयात या सामान की तस्करी का दोषी सिद्ध किया गया है और उसकी सम्पत्ति अर्जित करती है। क्या ऐसी कार्यप्ही इस अधिनियम के अन्तर्गत आयेगी या नहीं ? यह एक इतनी बड़ी खामी है कि इसकी किसी तरह से भी व्याख्या की जा सकती है। इस तरह से बहुत से लोग सजा से बच निकलेंगे।

'सहयोगी' शब्द की परिभाषा के अनुसार एक साधारण सा व्यक्ति भी इन अधिकारों के दुरुपयोग का शिकार बन सकता है और निर्दोष लोग बच सकते हैं। इस मामले पर विचार किया जाना चाहिये।

न्यायाधीकरण बनाने का उद्देश्य उन लोगों को अपनी सम्पत्ति के बारे में सही स्रोत का प्रमाण देने के लिये अवसर प्रदान करना है। यदि इस न्यायाधिकरण में संयुक्त सचिवों को शामिल किया जाना है, तो हम इस पर विश्वास नहीं कर सकते।

तत्पश्चात लोक सभा मध्याह्न पश्चात् 2 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till fourteen of the Clock.

लोक सभा मध्याह्न भोजन के बाद मध्याह्न पश्चात 2 बज कर 3 मिनट पर पुनः समवेत हुई।

The Lok Sabha reassembled after lunch at three minutes past fourteen of the clock.

[उपाध्यक्ष महोदय **पीठासीन हुए**]

(*Mr* Deputy Speaker *in the chair*)

श्री सोमनाथ चटर्जी : खंड 19 के अन्तर्गत की गई व्यवस्था से कुछ मामलों में निश्चय ही बड़ी कठिनाई होगी। इसमें ऐसी सम्पत्तियों पर कब्जा करने की व्यवस्था की गई है जो इस अधिनियम के अन्तर्गत जब्त की जा चुकी है। हो सकता है माहवार किराया देने वाले व्यक्ति का सम्पत्ति पर वास्तविक कब्जा हो।

श्री बो० आर० शुक्ल (बहराईच) जिस उद्देश्य और भावना से यह विधेयक पेश किया जा रहा है मैं उसका स्वागत करता हूं। स्वतन्त्रता के गत 27 वर्षों में पहली बार सरकार ने तस्करों और विदेशी मुद्रा की हेराफेरी करने वालों के अड्डों को समाप्त करने के लिये गंभीर प्रयास किया है। लेकिन अधिनियम में कई कमियां हैं। अतः यह अधिनियम तस्करों और हेराफेरी करने वालों द्वारा गैर कानूनी ढंग से प्राप्त की गई सम्पत्ति की कठिन समस्या को सतोषजनक ढंग से हल करने वाला नहीं है।

यह अधिनियम उन लोगों पर लागू होगा जो समुद्र सीमा शुल्क अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम और विदेशी मुद्रा अधिनियम के अन्तर्गत पहली बार दोषी ठहराये गये हैं। और साथ ही यदि इन अधिनियमों के अन्तर्गत किये गये अपराध में अन्तर्ग्रस्त राशि एक लाख अथवा उससे अधिक रुपये की हो। इसका अर्थ यह हुआ कि यदि कोई व्यक्ति ऐसे अपराध के लिये दोषी ठहराया गया है जिसमें 99,999 रुपये की राशि अन्तग्रस्त हो तो वह इस कानून की गिरफ्त में नहीं आयेगा जबकि वह व्यक्ति जिसे एक से अधिक बार ऐसे अपराध के लिये दोषी ठहराया गया है जिसमें चाहे 200 अथवा 300 रुपये की ही राशि क्यों न अन्तर्ग्रस्त हो इस कानून के अन्तर्गत आयेगा। यह समझ नहीं आता कि इन दो प्रकार के व्यक्तियों के वर्गीकरण तथा भेदभाव के पीछे क्या मानदंड अपनाया गया है।

हमें इस कानून की परिधि तथा क्षेत्र का विस्तार करना होगा ताकि कुख्यात तस्करों और विदेशी मुद्रा की हेराफेरी करने वाले लोगों को भी इसके क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत लाया जा सके। विधेयक में एक ऐसा खंड भी होना चाहिये जो कि पेशेवर तस्करों तथा विदेशी मुद्रा की हेराफेरी करने वाले लोगों पर लागू हो। विधेयक में इस आशय का एक संशोधन किया जाये।

जहां तक न्यायाधिकरण का संबंध है, यह कहा गया है कि इसके सदस्य उच्च न्यायालय अथवा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के दर्जे के होने चाहियें। लेकिन पहले भी आलोचना हुई है और न्यायाधीशों की कार्यवाहियों के विरुद्ध भी आलोचना होगी। अतः हमें किसी न किसी रूप में सरकारी अधिकारियों पर विश्वास करना होगा अन्यथा अव्यवस्था फैल जायेगी।

अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए भी कोई उपबन्ध नहीं है और उच्चतम न्यायालय के वकील अपनी प्रखर बुद्धि से न्यायाधिकरणों द्वारा निकाले गए निष्कर्षों पर किसी न किसी आधार पर हस्तक्षेप कर लेंगे। अतः यह न्यायपालिका कार्य वहां ही रहेगा। मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर): गत वर्ष माननीय मंत्री, श्री प्रणाब कुमार मुखर्जी ने बताया था की 1974 के दौरान 88.31 करोड़ रुपये के मूल्य की तस्करी की वस्तुएं बरामद की गई थीं। वित्त मंत्री, श्री सी० सुब्रह्मण्यम ने सभा में हुए वाद-विवाद के दौरान बताया था कि 1970 में 22 करोड़ रुपये, 1972 में 20 करोड़ रुपये और 1973 में 28 करोड़ रुपये की वस्तुएं बरामद की गईं थीं।

इस विधेयक के उद्देश्यों और कारणों पर आपत्ति नहीं की जानी चाहिए। उद्देश्यों को पढ़ने से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इस विधेयक का क्षेत्राधिकार यदि अब नहीं तो भविष्य में बढ सकता है। और इसका विस्तार अवैध रूप से प्राप्त किए गए धन तक हो सकता है जबकि इस समय यह केवल तस्करी ही तक सीमित है।

हो सकता है कि सरकार यह विधेयक पारित करवा ले। किन्तु तस्करों के लिए यह वरदान सिद्ध होगा। इस विधेयक में यह व्यवस्था की गई है कि किसी भी ऐसे व्यक्ति की सम्पत्ति का समपहरण नहीं किया जायेगा जिसने एक लाख रुपये के मूल्य की तस्करी का अपराध किया है। यह बड़ी विचित्र बात है।

इसी प्रकार यदि कोई न्यायालय किसी व्यक्ति की नजरबन्दी का आदेश रद्द कर देता है तो उसकी सम्पत्ति के बारे में 'पूछताछ' नहीं की जायेगी। इसी प्रकार यदि कोई आदेश रद्द कर दिया जाता है तो उस मामले की भी जांच नहीं की जा सकती। विधेयक में ऐसे प्रावधान नहीं होने चाहिएं।

विधेयक के 'स्पष्टीकरण' 4 में कहा गया है "संदेह दूर करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि इस प्रश्न का सुनिश्चिय कि अमुक व्यक्ति पर अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं अथवा नहीं उन तथ्यों, परिस्थितियों या घटनाओं (जिसमें अभियोग अथवा नजरबन्दी शामिल है) के संदर्भ में किया जा सकता है जो अधिनियम के आरम्भ होने से पूर्व हुई थी"। मैं जानना चाहता हूं कि उन मामलों में क्या होगा जो व्यक्ति इस अधिनियम के लागू होने के बाद इन अपराधों के दोषी पाये गए हैं। इसका स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय: मध्याह्न भोजन से पूर्व संसदीय कार्य मंत्री ने मुझे बताया है कि अभी सभा के समक्ष बहुत अधिक काम पड़ा हुआ है। कल एक विधेयक के लिए 3 घंटे का समय नियत किया गया था किन्तु उस पर पांच घंटे का समय लग गया जिससे सारी गड़बड़ी हो गई है। मैं चाहता हूं कि निर्धारित समय के अनुसार सभा की कार्यवाही चलायी जाये।

निर्माण तथा आवास और संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० ररघुमैया): यह समय कार्य मंत्रणा समिति ने निर्धारित किया है जिसमें सभी दलों को प्रतिनिधित्व प्राप्त है ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप मुझे सहयोग दीजिए। अभी कांग्रेस दल के 6 सदस्यों ने भाषण देने हैं। मैं प्रत्येक सदस्य को 10 मिनट का समय दूंगा।

श्री एस० आर० दामाणी (शोलापुर) : यह सही है कि पिछले अनेक वर्षों से तस्करी की बुराई के कारण देश की अर्थ व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा हो गई थी। पहले केवल सोने की तस्करी होती थी। किन्तु गत कुछ वर्षों से सभी उपभोक्ता वस्तुओं की तस्करी हो रही है। यह अच्छी बात है कि पिछले एक वर्ष में तस्करी पर बहुत रोक लगी है । इस अधिनियम तथा अन्य कठोर कार्यवाही से यह बुराई काफी हद तक समाप्त हो जायेगी

अब प्रश्न यह है कि क्या इन कड़े उपायों से तस्करी की बुराई समाप्त हो जायेगी । उत्पादन शुल्क अधिक होने के कारण ही तस्करी को बढावा मिलता है । यदि उत्पादन शुल्क एक उचित सीमा तक लगे तो इन वस्तुओं की मांग बढेगी तथा देश में इन वस्तुओं के उत्पादन के लिए अधिक उद्योग स्थापित होंगे। अतः उत्पादन शुल्क कम किया जाये। जिससे तस्करों के लिए यह कार्य लाभकारी न रहे। उत्पादन शुल्क के दर ढ़ांचे का समायोजन किया जाना चाहिए।

इस समय पकड़ा गया सारा माल देश में सहकारी समितियों या अन्य किसी प्रकार बेच दिया जाता है । इससे तस्करों को सरकार द्वारा बेचे गए माल के रूप में अपना माल बेचने में मदद मिलती है । इसे बंद करके उस माल का पुनः निर्यात किया जाना चाहिए। चोरी-छिपे लाये गए माल की बिक्री देश में बंद होनी चाहिए और जब तक यह बंद नहीं हो जाती तब तक तस्करो को प्रोत्साहन मिलता रहेगा।

श्री श्याम सुन्दर महापात्र (बालासोर) : तस्करों तथा विदेशी मुद्रा का गोलमाल करने वाले लोगों की सम्पत्ति जब्त करने वाला यह विधेयक बड़ा ही समयोचित है, क्योंकि यह इस अवैध व्यापार पर सीधे प्रहार करता है । विदेशी मुद्रा के गोलमाल पर काफी हद तक रोक लगेगी। विदेशी मुद्रा निदेशालय को अधिक सतर्क, सक्रिय और चौकस रहना चाहिए। उसमें मामलों को यथा-शीघ्र निपटाने की क्षमता होनी चाहिए। हरिदास मूंदड़ा और ल्युइस ड्रेफ्स एण्ड कम्पनी जैसे कई बहुत पुराने मामले अभी भी लटके पड़े हैं। सरकार इस तरह के मामलों को निपटाने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित क्यों नहीं कर लेती ?

अधिनियम के अन्तर्गत प्राधिकारी संयुक्त सचिव के पद से नीचे का नहीं होगा। सक्षम प्राधिकारी एक वरिष्ठ अधिकारी होना चाहिए। यह एक आदर्श विधेयक है और मैं इसका समर्थन करता हूं ।

श्री प्रणब कमार मुखर्जी : इस विधेयक का प्रायः सभी ने समर्थन किया है और कहा है कि इस विधेयक का उद्देश्य सरहानीय है । कुछ सदस्यों के मतानुसार विधेयक के कुछ उपबन्ध अत्यन्त

कठोर हैं। और सरकारी अधिकारियों/सक्षम प्राधिकारियों को बहुत अधिक शक्तियां प्रदान की गई हैं। जबकि कुछ अन्य सदस्यों ने कहा है कि यह बहुत उदार है और सरकार केवल बहाने बनाना चाहती है। एक प्रश्न यह भी किया गया है कि इस अध्यादेश को जारी करने की क्या जरूरत थी और अध्यादेश जारी करने के बाद क्या कार्यवाही की गई है। इस विधेयक के उपबन्ध अध्यादेश के रूप में 5-11-75 को लागू हुए। यह सुझाव दिया गया है कि जब तक तस्करों की सम्पत्ति को जब्त नहीं किया जाता तब तक हम केवल उन्हें कुछ विशेष अवधि के लिए जेल में रखकर इस बुराई को समाप्त नहीं कर सकते। वित्त मंत्री ने पहले बताया है कि वह तस्करों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई सम्पत्तियों को जब्त करने के सम्बन्ध में उचित विधान लाने पर विचार कर रहे हैं। अतः जब तक तस्करों तथा विदेशी मुद्रा छल साधकों के मन में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न करके यह भय नहीं डाल दिया जाता कि उनके द्वारा अवैध रूप से कानून का उल्लंघन करके जो धन अर्जित किया गया है उसका लाभ न तो वे ही उठा सकेंगे और न ही उनके निकट सम्बन्धी तब तक तस्करी को समाप्त करना संभव नहीं है। मैं इस बात से सहमत नहीं हूं। चूंकि वित्त मंत्री ने एक वर्ष पूर्व इस बारे में अपने विचार व्यक्त कर दिए थे और इससे उन लोगों को चेतावनी मिल गई और विधेयक का समूचा उद्देश्य पूरा हो गया। विधेयक का समूचा उद्देश्य असफल नहीं होगा।

जब तक हम अपराधियों को नहीं पहचानते और उनका पता नहीं लगाते तथा यह सिद्ध नहीं करते कि यह तस्करी की गतिविधियों और सम्पत्ति का परिणाम है, तब तक हम विधेयक के उपबन्धों के अनुसार कोई कार्यवाही नहीं कर सकेंगे। ज्योंही यह अध्यादेश जारी किया गया, हमने इस दिशा में कदम उठाने आरम्भ कर दिए। यह सही नहीं है कि अध्यादेश जारी होने के बाद हमने कोई कार्यवाही नहीं की। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब यह विधान अधिनियम बन जायेगा तो हम इसके अनुसार कदम उठायेंगे। यद्यपि तस्करों की सम्पत्ति को जब्त करना कोई आसान कार्य नहीं है।

प्रश्न उठाया गया है कि क्या नकद राशि को सम्पत्ति माना जायेगा। हमने इस मामले में विधि मंत्रालय से परामर्श किया है और उनके सुझाव के अनुसार नकद राशि को सम्पत्ति माना जायेगा। फिर यह प्रश्न किया गया है कि क्या "सहयोगी" शब्द की परिभाषा का विचार करने से निर्दोष लोग इस विधेयक की चपेट में आ जायेंगे। इस सम्भावना से बिल्कुल इन्कार नहीं किया जा सकता। हमें इस प्रकार की गतिविधियों का, विशेषकर उन बड़े-बड़े मुखियाओं का, जो पर्दे के पीछे रहते हैं, पता लगाना है और कि वे कैसे कार्य संचालन करते हैं। लेकिन यदि हम उन्हें इस विधेयक के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखें तो विधेयक का मुख्य उद्देश्य पूरा नहीं हो पायेगा।

विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्कर गतिविधियां निवारण अधिनियम का मूल उद्देश्य यही है कि इन बड़े-बड़े अपराधियों को इस अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत नजरबन्द किया जाये जो सामान्य कानून के अन्तर्गत अदालतों के मुकदमों से बच जाते हैं। फिर यह प्रश्न किया गया है कि हम "पुराना अपराधी" शब्द का प्रयोग क्यों नहीं करते। यदि हम केवल आदतन अपराधियों तक ही सीमित रहते हैं तो वे मुख्य अपराधी बच जाएंगे जो कि इस सब के पीछे होते हैं।

श्री इराज्मु-द-सेकैरा (मारमागोआ) : अपना सांविधिक संकल्प पेश करते हुए मैंने सरकार से यह बताने का अनुरोध किया था कि विधेयक के बजाय अध्यादेश जारी करने के क्या कारण थे। मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में बताया कि इससे भय का वातावरण पैदा हो गया था और इससे अध्यादेश की पकड़ में आने वाले लोगों का पता लगा लिया गया है । परन्तु यह तो अध्यादेश जारी किए बिना भी किया जा सकता था। अतः हम इस निष्कर्ष पर आते हैं कि सरकार अध्यादेश के द्वारा राज्य करना चाहती है, जो एक फासिस्टवादी ढंग है ।

इस विधेयक के अन्तर्गत अत्यधिक अधिकार दिए गये हैं जिनका दुरुपयोग हो सकता है । अतः इस दिशा में कुछ सुरक्षात्मक नियंत्रण किए जाने आवश्यक हैं, क्योंकि तस्करी और विदेशी मुद्रा का गोलमाल बिना सरकारी तंत्र के सहयोग के नहीं चल सकता। अतः विधान बनाने मात्र से काम नहीं चलेगा, वरन् उसे सावधानी से और निष्ठा से लागू किया जाना चाहिए। पर सरकार इसमें विश्वास नहीं रखती वह तो केवल विधान बनाना जानती है।

स्वेच्छया प्रकटन योजना के अन्तर्गत प्रकट की गई राशि के बारे में मंत्री महोदय ने कुछ नहीं बताया। क्या सरकार अवैध रूप से प्राप्त सम्पत्ति के मामलों को भी इस योजना के अन्तर्गत लेगी।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 5 नवम्बर, 1975 को प्रख्यापित तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अध्यादेश, 1975 (1975 को अध्यादेश संख्या 20) का निरनुमोदन करती है ।"

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ

The motion was negatived.

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपे जाने का प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ ।

The motion to refer the Bill to a Joint Committee was put to vote and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि तस्करों और विदेशी मुद्रा छलसाधकों की अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति का समपहरण करने और उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adoped.

खण्ड 2

श्री इराज्मु-द-सेकैरा : मैंने अपना संशोधन संख्या 2 इस उद्देश्य से प्रस्तुत किया है जिससे मंत्री महोदय इस विधेयक को समिति को सौंपने पर और विचार करें।

उप खण्ड (2) (ख) का लोप किए जाने का संशोधन मैंने इस कारण दिया है क्योंकि इससे सरकार किसी भी व्यक्ति को बिना किसी कारण जेल में डाल सकती है।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : पहले संशोधन के संबंध में मेरा कहना यह है कि हम इसे तस्करों तक ही सीमित न रख कर, तटकर अधिनियम, समुद्र तटकर अधिनियम और विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले लोगों पर लागू करना चाहते हैं।

मैं उनके इस विचार से सहमत नहीं कि इसके अन्तर्गत निर्दोष व्यक्तियों को जेल में डाला जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 2 और 3 मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए ।

Amenndment Nos. 2 and 3 were put and Negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बन ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ा गया

Clause 2 was added to the Bill

खण्ड 3

श्री इराज्मु-द- सेकैरा : मैं अपना सशोधन संख्या 4 पेश करता हूं। इसमें मैंने कहा है कि इस कानून को इतना व्यापक न बनाया जाए जिससे प्रत्येक व्यक्ति इसकी जद में आ सके वरन् इसमें 'निषेधात्मक' शब्द जोड़ा जाए तथा उन्हीं कार्रवाइयों तक ही सीमित किया जाए।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : कुछ वस्तुओं के लाने का निषेध है जबकि अन्य का विनियमित। इसलिए हमें इसे 'निषेधात्मक' और 'विनियमित' कानूनों की व्यवस्था इसमें की है।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 4 मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ

Amendment No. 4 was put and Negatived

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"खण्ड 3 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 3 विधेयक में जोड़ा गया।

Clause 3 was added to the Bill.

खण्ड 4 से 6 विधेयक में जोड़े गये।

Clauses 4 to 6 were added to the Bill.

खण्ड 7

श्री इराज्मु-द-सेकैरा : मैं अपना संशोधन संख्या 5 पेश करता हूं। इस संशोधन में मैंने यह व्यवस्था किए जाने की मांग की है कि किसी सम्पत्ति को सरकार द्वारा जब्त किए जाने की दशा में उससे सम्बन्धित किसी बात पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। यथा एक मकान को जब्त करते समय उसके किराएदारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : यदि हम ऐसा मानते हैं तो तस्कर सभी प्रकार के सम्पत्ति के अधिकारी ला जुटाएंगे और तब किसी भी सम्पत्ति को प्राप्त करना सरकार के लिए कठिन होगा।

उपाध्यक्ष महोदय : अब मैं संशोधन संख्या 5 मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन संख्या 5 मतदान के लिए रखा गया और अस्वीकृत हुआ।

Amendment No. 5 was put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 7 विधेयक का अंग बने'।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

खण्ड 7 विधेयक में जोड़ा गया।

Clause 7 was added to the Bill.

खण्ड 8 विधेयक में जोडा गया।

Clause 8 was added to the Bill.

खण्ड 9

श्री इराज्मु-द-सेकैरा : मैं अपने संशोधन संख्या 6 और 7 पेश करता हूं।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : इन संशोधनों से कोई सुधार नहीं होगा बल्कि इससे और कठिनाई पैदा हो जाएगी।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं संशोधन संख्या 6 और 7 मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन संख्या 6 और 7 मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए।

Amendment Nos. 6 and 7 were put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड (9) विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

खण्ड 9 विधेयक में जोड़ा गया।

Clause 9 was added to the Bill.

खण्ड 10 और 11 विधेयक में जोड़े गये।

Clauses 10 and 11 were added to the Bill.

खण्ड 12

श्री इराज्मु-द-सेकैरा : मैं अपने संशोधन संख्या 8, 9 और 10 पेश करता हूं।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : विधेयक में वही शब्दावली प्रयुक्त की गई है जो अक्सर विधानों में की जाती है तथा संशोधनों द्वारा सुझाए गए परिवर्तन से कुछ लाभ नहीं होगा, अतः प्रचलित शब्दावली को ही चलने दिया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : अब मैं संशोधन संख्या 8 से 10 मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन संख्या 8 से 10 मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हुए।

Amendment Nos. 8 to 10 were put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 12 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

खण्ड 12 विधेयक में जोड़ा गया।

Clause 12 was added to the Bill.

खण्ड 13 विधेयक में जोड़ा गया।

Clause 13 was added to the Bill.

खण्ड 14

श्री इराज्मु-द-सेकैरा : मैं अपना संशोधन संख्या 11 पेश करता हूं। यह संशोधन वैसा ही है जैसा कि मैं पहले पेश कर चुका हूं। अन्य सब बातों के रहते भी तीसरे पक्ष के अधिकारों की रक्षा

की जानी चाहिए। जैसा कि औरंगाबाद के एक होटल का मामला है, जिसमें महाराष्ट्र वित्त संगठन ने पर्याप्त रुपया लगा रखा है। परन्तु होटल को जब्त किए जाने की दशा में वित्त संगठन को बड़ी हानि उठानी पड़ेगी ।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : विधेयक में जो उपबन्ध किया गया है वह मामलों को शीघ्रता से निपटाने के उद्देश्य से किया गया है न कि न्यायालयों का क्षेत्राधिकार समाप्त करने की दृष्टि से, क्योंकि इस देश में सज़ा केवल न्यायालय के उठने तक की दी जाती है।

उपाध्यक्ष महोदय : अब मैं संशोधन संख्या 11 मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन संख्या 11 मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ ।

Amendment No. 11 was put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

" कि खण्ड 14 विधेयक का अंग बनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 14 विधेयक में जोड़ा गया ।

Clause 14 was added to the Bill.

खण्ड 15 से 17 विधेयक में जोड़े गये ।

Clauses 15 to 17 were added to the Bill.

खण्ड 18

श्री इराज्मु-द सेकैरा : मैं संशोधन संख्या 12 और 13 पेश करता हूं।

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : संशोधनों से सम्बन्धित उपबन्ध सम्पत्ति आदि की पूरी जांच करने के बारे में है। बहुत सी सम्पत्ति उसके क्षेत्राधिकार से बाहर हो सकती है। इसी कारण जांच का इतना विस्तृत अधिकार दिया गया है। परन्तु ऐसी जांच केवल कुछ जानकारी मिलने पर ही की जा सकती है। ऐसा नहीं कि किसी की भी जांच करने लगें। मैं इस संशोधन को स्वीकार नहीं करता।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं संशोधन संख्या 12 और 13 मतदान के लिए रखता हूं ।

संशोधन संख्या 12 और 13 मतदान के लिये रखे गये और अस्वीकृत हुये ।

Amendment Nos. 12 & 13 were put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 18 विधेयक का अंग बने" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 18 विधेयक में जोड़ा गया ।

Clause 18 was added to the Bill.

खण्ड 19 से 27, खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र, प्रस्तावना और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़े गये ।

Clauses 19 to 27, Clause 1, the Enacting Formula, the Preamble and the Title were added to the Bill.

श्री प्रणब कुमार मुजर्जी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाए" ।

Shri Ramavtar Shastri (Patna) : The property of a big smuggler of Bihar has not been confiscated so far because he has joined Congress. If no action is taken in such cases this Bill will remain only on paper.

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे (बेतूल) : यदि विधेयक के उद्देश्यों पर दृष्टिपात किया जाए तो कुछ भी प्रशंसनीय नहीं प्रतीत होता। उद्देश्यों के अनुसार तस्कर व्यापार और विदेशी मुद्रा के छलसाधन का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यदि वित्त मंत्री इन घातक और घृणित प्रभावों के प्रति जागरूक हैं तो निश्चय ही मैं उन्हें इस विधेयक के पेश करने पर बधाई देता हूं लेकिन मेरी शिकायत यह है कि अर्थव्यवस्था क्या केवल तस्कर व्यापार या विदेशी मुद्रा के गोलमाल के कारण ही बिगड़ी है, क्या इसमें उन अनेक आर्थिक अपराधियों का हाथ नहीं है जो नकली दवाइयां बना रहे हैं ?

उपाध्यक्ष महोदय : आप विधेयक के क्षेत्र से बाहर की बात कर रहे हैं।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : इस विधेयक को केवल तस्करी के दोषी लोगों तक ही सीमित रखने से उद्देश्य की सिद्धि नहीं होगी। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि तस्कर व्यापार और विदेशी मुद्रा की हेराफेरी में लगे लोगों तक ही इस विधेयक को सीमित न रखा जाए वरन् ऐसे लोगों को भी इसके अंतर्गत लाया जाए जो अन्य साधनों से धन इकठ्ठा करते हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं मंत्री महोदय को सलाह देता हूं कि वह श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे जैसे कर विशेषज्ञों के जाल में न फंसे क्योंकि विधेयक के तृतीय वाचन में केवल विधेयक का समर्थन या इसका विरोध किया जा सकता है ।

Shri M. C. Daga (Pali) : Under clause 14 of this Bill, all courts have been barred from issuing stay orders. This is unfair.

Government should also clarify which particular moveable property belonging to the smugglers will be attached. I would also like to know whether all the moveable property can be attached or the provision of Civil Court in respect of attachment will be observed.

श्री प्रणब कुमार मुखर्जी : श्री रामावतार शास्त्री ने एक विशिष्ट मामले का उल्लेख किया है । यदि वह मुझे उस व्यक्ति के बारे में जानकारी देंगे तो मैं उसकी जांच करूंगा।

यद्यपि हमने दीवानी अदालतों का अधिकार क्षेत्र ले लिया है लेकिन उनके संवैधानिक अधिकार अवश्य सुरक्षित हैं। इन अधिकारों का उपयोग करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता । यह तो मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए ही है और यह सुनिश्चित करना है कि अदालतें विलम्ब न करें। इसलिए हम अदालतों से यह अधिकार क्षेत्र लेना चाहते हैं।

जहां तक तस्करों की समस्त सम्पत्ति जब्त करने का प्रश्न है इस बारे में मैं पहले ही एक संशोधन के उत्तर में बता चुका हूं कि 50 प्रतिशत के लगभग सम्पत्ति जब्त की जाएगी और जुर्माना भी किया जाएगा ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

दिल्ली भू-धृति (अधिकतम सीमा) संशोधन विधेयक

DELHI LAND HOLDINGS (CEILING) AMENDMENT BILL

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :—

"कि दिल्ली भू-धृति (अधिकतम सीमा) अधिनियम 1960 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए" ।

भारत सरकार ने कृषि जोत संबंधी मुख्य मंत्री सम्मेलन की सिफारिशों के आधार पर भूमि की अधिकतम सीमा के लिए दिशा निर्देश सिद्धान्त बनाए हैं। दिल्ली भू-धृति (अधिकतम सीमा) अधिनियम 1960 को उपरोक्त दिशा निर्देश सिद्धान्तों के अनुकूल बनाने के लिए राष्ट्रपति ने 8 दिसम्बर, 1975 को दिल्ली भू-धृति (अधिकतम सीमा) संशोधन अध्यादेश, 1975 जारी किया था। वर्तमान विधेयक उस अध्यादेश का स्थान लेने के लिए लाया गया है।

विधेयक का मुख्य उपबंध यह है कि भूमि की किस्म के आधार पर एक परिवार के लिए भूमि की वर्तमान अधिकतम सीमा को 60 एकड़ के स्थान पर 54 एकड़ किया गया है।

खण्ड 4 में बताया गया है कि एक परिवार के पास अलग-अलग वर्ग की कितनी जमीन रह सकती है। जो जमीन सरकारी साधनों से सिंचित हो और जो दो फसलें पैदा कर सकती हो उसकी सीमा

5.8 हैक्टर रखी गई है। जिस ज़मीन में निजी साधनों से सिंचाई की व्यवस्था हो और जो दो फसलें दे सकती हो उसकी सीमा 7.25 हैक्टर रखी गई है। इसी प्रकार एक फसल पैदा करने वाली निजी साधनों से सिंचित और सरकारी साधनों से सिंचित जमीन के लिए क्रमशः 10.9 हैक्टर और 8.7 हैक्टर की सीमा निश्चित की गई है अन्य प्रकार की ज़मीन के लिए 21.8 हैक्टर की सीमा रखी गई है।

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]
[Mr. Speaker *in the Chair*.]

जिस परिवार में 5 से अधिक सदस्य हैं अधिकतम सीमा प्रत्येक अतिरिक्त सदस्य के लिये अधिकतम सीमा के पांचवें भाग के बराबर बढ़ा दी जाएगी---जो अधिक से अधिक अधिकतम सीमा का दुगना हो सकता है ।

इसके अतिरिक्त काश्तकार अपने प्रत्येक व्यस्क पुत्र के लिए अधिकतम सीमा से कम सीमा तक भूमि अपने पास रख सकता है।

वर्तमान अधिकतम सीमा कानून में उन बागानों को शामिल नहीं किया गया जिन पर बहुत रुपया लगाया गया है। यह छूट समाप्त कर दी गई है। अब केवल धर्मार्थ गौशाला अथवा प्रजनन फार्म की उस भूमि को छोड़ा गया है जिस पर ये फार्म 24-1-1971 को थे अथवा ऐसी भूमि को छूट दी गई है जो सहकारी बन्धक बैंक, राज्य या केन्द्रीय सहकारी बैंक अथवा अन्य किसी बैंक के अधिकार में है।

24 जनवरी, 1971 को या बाद में किए गए बिक्री करार को अतिरिक्त भूमि के निर्धारण के लिए स्वीकार्य नहीं माना जाएगा ।

अतिरिक्त भूमि के लिए 5000 रुपये से 10000 रुपये तक प्रति हैक्टयर मूल्य चुकाना होगा इसके अतिरिक्त उस भूमि पर बने मकान अथवा कुएं आदि के बाजार मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर मूल्य देना होगा ।

सरकारी अतिरिक्त भूमि भूमिहीन कृषि श्रमिकों को, विशेषकर अनुसूचित जातियों और जनजातियों को दी जाएगी ।

मैं आशा करता हूं सदन के सभी वर्ग इस विधेयक का समर्थन करेंगे।

श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर (औसग्राम) : *मेरे दल ने हमेशा उन विधेयकों का समर्थन किया है जिनका संबंध भूमि सुधारों से था। हम हमेशा उचित भूमि सुधारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं, ताकि भूमिहीन श्रमिकों और दलित वर्गों को भूमि का स्वामित्व प्राप्त हो सके। दुर्भाग्यवश कांग्रेस सरकार ने जहां भी भूमि सुधारों को लागू करने की कोशिश की है ज़मीदार लोग बेनामी अन्तरण के नाम पर बच निकले और जहां भी अतिरिक्त भूमि का वितरण किया गया है वहां जरूरतमंद लोगों को यह नहीं मिली है।

वर्तमान विधेयक का संबंध दिल्ली से है। दिल्ली हमारे देश की राजधानी है। 20 सूत्री कार्यक्रम को कारगर ढंग से लागू करने के लिए यहां शहरी सम्पत्ति पर अधिकतम सीमा लगाना अधिक युक्तियुक्त

*बंगला में दिए गए भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर

Summarised Translated Version Based on English Translation of the speech Delivered in Bengali

[श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर]

होगा। यहां अधिकतर शहरी क्षेत्र ही हैं इसलिए उस पर सीमा लगाना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके अभाव में विधेयक का उद्देश्य सिद्ध नहीं होता।

धनवान जमींदारों ने जिन्हें इस विधेयक के आने का पता था पहले ही अपनी अतिरिक्त भूमि बनामी सौदे करके रफा दफा कर दी है। ऐसे सौदों को समाप्त किया जाए।

सिंचित भूमि की अधिकतम सीमा घटा कर 4 हैक्टेयर कर दी जाए और बागान तथा अन्य भूमि को 8 हैक्टेयर। इससे फालतू भूमि अधिक मात्रा में मिलेगी। सरकार ने कहा है कि इस प्रकार 600 हैक्टेयर भूमि मिलेगी अगर मेरा सुझाव मान लिया जाए तो और भी अधिक भूमि प्राप्त होगी। ऐसे जमींदारों को जो स्वयं खेती नहीं करते और जिनके आय के अन्य साधन हैं उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया जाए, फालतू भूमि अनुसूचित जातियों और जनजातियों, भूमिहीन श्रमिकों और पिछड़े वर्ग के लोगों को दी जाए। भूमि वितरण का काम एक निर्वाचित समिति को सौंपा जाए।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि काले धन वालों ने जिनके पास बहुत भूमि थी, इस अधिकतम सीमा अधिनियम से बचने के लिए पहले ही अपनी भूमि का अन्तरण कर दिया है और शहरी इमारतों इत्यादि को खरीद लिया है अत: इन व्यक्तियों की गतिविधियों को कुचलने के लिए शहरी सम्पत्ति पर भी सीमा लगाना बहुत आवश्यक है तभी वास्तविक उद्देश्यों की प्राप्ति हो सकती है।

Shri Shashi Bhushan (South Delhi) : I welcome this measure. Some Industrialists, professionals and big officials have cornered big chunks of agricultural lands in and around Delhi with the purpose of indulging in land speculation. Meanwhile they have established big farms over there which are being used to evade income tax and for converting black money into white. I would, therefore, suggest that such land belonging to persons who are engaged in jobs other than agriculture should be taken over by Government. This land should be distributed to landless persons, scheduled Castes and Scheduled Tribes etc.

The population of Delhi is increasing at a fast rate. There is no reason that big and sprawling areas of land with in Delhi should continue in possession of I.A.R.I. Pusa and Delhi Cantonment Board. Pusa Institute and Delhi Cantonment can be shifted to some distant parts of Delhi . Generally such places are always far from the town. But in Delhi they are in the town itself. This land can be taken over by the Government and can be allotted for housing purposes. This will remove shortage of house accommodation and relieve congestion in Delhi. I hope the Minister will look into this suggestion.

A more comprehensive legislation should be brought in order to see that the object of the Bill is achieved

With these words I support this Bill.

Shri Jharkhande Rai (Ghosi) : The Congress Government has failed miserably in the matter of land reforms. Land reforms should have been implemented within ten years of Independence but unfortunately the implementation of land legislation throughout the country has been very slow. The influential section of society like industrialists, big officials, political leaders have grabbed big chunks of land by fair and foul means and they are now trying to retain it by circumventing the law. I will, therefore, urge upon the Government that land ceiling laws should be effectively enforced. This single measure can go a long way in reducing disparities.

The 20 point Programme should be implemented seriously and sincerely. People have lost confidence as promises were not fulfilled in the past.

I appreciate that the ceiling has been reduced in the present Bill. But a loophole has been left in the name of other lands, including orchards which can be abused. I would urge upon the Minister to plug this loophole.

Although land is allotted to the poor and landless persons, they generally sell that landt the rich Government should see that they are not allowed to sell their land.

An all party Committee should be appointed which should be entrusted with the work of distributing surplus land among the poor, only then the deserving people will get land and there will be no corruption.

It has been stated that the Government will not have to incur any extra expenditure on the implementation of this law because Government will take money from the poor in lieu of land and with that money it will pay compensation to the landlords. This is not fair. If Government at all wants to pay some compensation it should pay from the its own pocket. The rate of compensation should be very nominal. The rates given in the Bill are very high.

With these words I support this Bill.

Shri Shivnath Singh (Jhunjhunu) : The principle behind the Bill is welcome. Many State Governments have already enacted laws in this regard and excess land is being distributed among landless persons. Similar type of legislation is being implemented in Delhi also.

[*Shri C. M. Stephen in the Chair*
श्री सी० एम० स्टीफन पीठासीन हुये]

Improvements can be made in certain provision of the Bill. Clause 4 of the Bill specifies ceiling on different categories of land. 5·8 hectares in case of land which is assured of irrigation from a Government source of irrigaton and is capable of yielding atleast 2 crops in a year. It is 7.25 hectares in case of land which is assured of irrigation and is capable of yielding atleast one crop in a year or 8·7 hectares, in case of land which is assured of irrigation from a Government source of irrigation and is capable of yielding atleast one crop in a year or 10·9 hectares in case of land which is assured of irrigation from private source of irrigation and is capable of yielding atleast one crop in a year or 21·8 hectares in case of any other land including any orchard.

Justice has not been done while fixing the ceiling on land which is assured of irrigation from a private source of irrigation as compared to the ceiling on land which is assured of irrigation from a Government source of irrigation while fixing ceiling on lands irrigated from private or Government sources intensity of water should be taken into consideration.

Certain moneyed people have purchased big tracts of land and developed orchards. No orchard can be developed without irrigation facilities. Why has the ceiling been fixed at 21·8 hectares in the case of orchards ? This ceiling is on the high side. It should be reduced.

There is a provision for taking back excess land from a transferee if any person has transferred to a landless person and it was within the ceiling. It should not be taken back from him.

The compensation which is being provided in the Bill is not on high side keeping in view the prices of land around Delhi. It is fully justified

Murginal farmers and small farmers have supported Government's policy of imposing ceiling on land holdings. But at the same time they want that ceiling should be imposed on urban property also. Unless there is ceiling on urban property there cannot be true socialism in the country.

Socialism can not be broughout about without ceiling on urban property.

Land has been allotted to the poor on papers only. No actual possession has been given to them. Land should be allotted to the really needy people only.

श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे : इस विधेयक का समर्थन करने के लिए मैं माननीय सदस्यों का धन्यवाद करता हूं । सभी राज्य सरकारों ने उन सामान्य सिद्धांतों को स्वीकार किया है जिन पर विधेयक

आधारित है दिल्ली में भी यह विधेयक पहले लाया जाना चाहिए था लेकिन कुछ स्थानीय कठिनाइयों के कारण इसे पहले नहीं लाया जा सका और संसद का सत्र न होने के कारण यह अध्यादेश जारी करना पड़ा ।

शहरी भूमि पर अधिकतम सीमा लगाने के बारे में प्रश्न उठाया गया है । इस संबंध में सरकार चालू सत्र के दौरान इस आशय का एक विधान लाना चाहती है ।

दिल्ली के अनेक बेनामी सौदों की चर्चा की गयी है । यह विधेयक विगत अवधि से लागू होगा और जनवरी 1971 के बाद किया गया किसी किस्म का अन्तरण जो कि इस उपबंध का उल्लंघन करता है, स्वभावत: अवैध होगा ।

इस बात की चर्चा भी को गयी है कि सिंचित भूमि पर अधिकतम सीमा निर्धारित की जाए । सीमा के संबंध में कोई वैध आपत्ति नहीं की जा सकती । यह सीमा बहुत ऊंची नहीं है । कई राज्यों में लगाई गई सीमाओं की अपेक्षा यह बहुत ही कम है । दिल्ली प्रशासन ने भूमि के विभिन्न वर्गों के संबंध में सीमाएं रखी हैं जो कि राष्ट्रीय मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप है ।

फल बागीचों के बारे में भी चर्चा की गयी है । इस पहलु पर मुख्य मंत्रियों ने जिनका परामर्श राष्ट्रीय मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करने से पहले भी लिया गया था, काफी सोच विचार किया है । अधिकांश बगीचे घने क्षेत्रों में है और उनको तोड़ने से उनके प्रबंध के बारे में कई समस्यायें उठ खड़ी होंगीं और देश की एक प्रतिशत भूमि भी बागीचों के अन्तर्गत नहीं आती । मूलत: यह भूमि की अधिकतम सीमा अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधक नहीं ।

मुआवजे के संबंध में भी चर्चा की गयी है । कोई भी व्यक्ति जिसे दिल्ली के आसपास के मूल्य स्तर के बारे में जानकारी है उसे 5000 रुपए प्रति हैक्टेयर अथवा 2000 रुपए प्रति एकड़ का मूल्य अधिक ऊंचा नहीं लगेगा । दिल्ली के ईर्द गिद एक एकड़ भूमि का मूल्य 5000 रुपए से लेकर 10,000 रुपए तक है और दिल्ली के निकट तो मूल्य और भी अधिक हैं । अत: 2000 रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा कोई अधिक नहीं है । विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा की गई धनराशि की व्यवस्था इस विधेयक द्वारा की गई व्यवस्था की तुलना में थोड़ी अधिक है ।

कहा गया है कि भूमि सुधारों के क्रियान्वयन की गति धीमी है । हम भूमि की अधिकतम सीमा का क्रियान्वयन संसदीय प्रक्रिया से संसद के समक्ष कानून पेश करके कर रहे हैं । संविधान के अन्तर्गत भूमि राज्यों का विषय है । इसके बावजूद भी हमने भूमि सुधारों के क्रियान्वयन में काफी प्रगति की है । यदि विश्व में कोई ऐसा देश है जहां भूमि सुधार लोकतांत्रिक ढंग से किए गए हैं तो वह भारत ही है । किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली में भूमि सुधारों के क्रियान्वयन हेतु सामान्य जागरुकता का निर्माण करना होगा । भूमि सुधारों के क्रियान्वयन के लिए जितना अनुकूल वातावरण इस समय है, वैसा कभी भी नहीं रहा । कई राज्यों में फालतू भूमि अर्जित की जा रही है और उसे समाज के कमजोर वर्गों में वितरित किया जा रहा है ।

इस बात को चर्चा की गयी है कि कुछ लोग सहकारी खेती के नाम से जमीन के मालिक बने बैठे हैं । अब इस कानून के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति इस प्रकार जमीन नहीं रख सकेगा ।

बागीचे के अन्तर्गत जमीन को शुष्क भूमि समझा जायेगा और कोई भी व्यक्ति 54 एकड़ से अधिक भूमि नहीं रख सकेगा ।

मुझे इस बात की खुशी है कि सभा ने इस विधेयक के लिए अपना समर्थन दिया है । मैं सभा को आश्वासन दे सकता हूं कि दिल्ली प्रशासन इस विधेयक को कार्यान्वित करने के लिए पूरे प्रयास करेगा ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि दिल्ली भूधृति (अधिकतम सीमा) अधिनियम का और संशोधन करन वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

सभापति महोदय : अब हम खंडवार चर्चा करते हैं ।

खण्ड 2

Shri Ramavatar Shastri (Patna) : I am moving my amendment No. 1. This bill is full of flaws. The land is acquired for public purpose but in fact it is not utilised as such. Land was acquired at Patna from the farmers at very cheap rates which has been further allotted to the rich people on very high rates. The term Public 'Purpose' should be made clear and my amendment is a step in that direction.

श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे : यह संशोधन इस विधेयक के लिए प्रसांगिक नहीं है । दिल्ली के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने कुछ मोटे-मोटे सिद्धांत निर्धारित किए हैं । मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करता हूं कि वे अपना संशोधन वापस ले लें ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं इसे वापस नहीं ले रहा हूं ।

सभापति महोदय : मैं संशोधन संख्या 1 मतदान के लिए रखता हूं ।

संशोधन संख्या 1 मतदान के लिये रखा गया और अस्वीकृत हुआ ।

The Amendment was put and negatived.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 2 was added to the Bill.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :–

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने । "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adoped.

खण्ड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 3 was added to the Bill.

Shri Ramavatar Shastri : I am moving my amendment No. 2. My amendment aims at substituting 21·8 hectares for 14 hectares. I hope government will accept this amendment after going through the spirit behind it.

श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे : 54 करोड़ की सीमा के अंदर वह जमीन आती है जो असिंचित है दिल्ली प्रशासन ने इसका सुझाव दिया था । हमें इस बारे में कोई आपत्ति नहीं करनी चाहिए ।

सभापति महोदय : मैं संशोधन संख्या 2 मतदान के लिए रखता हुं ।

संशोधन संख्या 2 मतदान के लिये रखा गया और अस्वीकृत हुआ ।

The amendment was put and negatived.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बनें ।'

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 4 was added to the Bill.

खण्ड 5 से 7 विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 5 to 7 were added to the Bill.

खण्ड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 8 was added to the Bill.

खण्ड 9 से 15 विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 9 to 15 were added to the Bill.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि खंड 1 , अधिनियम सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक का अग बनें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 1 अधिनियम सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 1. the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे : मैं प्रस्ताव करता हूं : –

"कि विधेयक पारित किया जाये ।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है : –

"कि विधेयक पारित किया जाये "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

प्रादेशिक ग्रामीण बैंक विधेयक

REGIONAL RURAL BANKS BILL

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) : मैं प्रस्ताव करता हूं :--

"कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, व्यापार, वाणिज्य, उद्योग तथा अन्य उत्पादन कार्यों के विकास के परियोजनार्थ उधार तथा अन्य प्रसुविधायें विशिष्टितया छोटे और सीमान्त कृषकों, कृषि-श्रमिकों, कारीगरों तथा छोटे उद्यमियों को, प्रदान करके ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था का विकास करने की दृष्टि से प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों के निगमन, विनियमन और समापन का तथा उनसे सम्बन्धित और उनके आनुषंगिक विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

इस विधेयक का उद्देश्य प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अध्यादेश, 1975 का स्थान लेना है । यह अध्यादेश ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि व्यापार, वाणिज्य उद्योग तथा अन्य उत्पादक गतिविधियों के विकास के लिए ऋण तथा अन्य सुविधायें प्रदान करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करने के उद्देश्य

से देश में सरकार को प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों की स्थापना करने हेतु 20 सूत्री सामाजिक आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ऋण से राहत दिलाने के उपायों के कार्यान्वयन के सन्दर्भ में 26 सितम्बर 1975 को प्रख्यापित किया गया था। ये बैंक पुनर्गठित प्राइमरी सहकारी समितियों तथा किसान सेवा समितियों का वित्त पोषण करेंगे जिनकी सदस्यता सर्वसाधारण के लिए खुली है।

विकास सम्भाव्यताओं वाले ऐसे क्षेत्रों में जहां संस्थागत ऋण व्यवस्था अपर्याप्त है, में इस प्रकार के 7 प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गयी है। प्रथम 5 बैंक, 2 अक्तूबर, 1975 को स्थापित किए गए हैं।

अप्रैल 1977 से पहले 50 प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों की स्थापना करने का लक्ष्य है। प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों की जमा धनराशि जमा धन बीमा निगम अधिनियम 1961 के उपबंधों के अन्तर्गत आयेगी। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934, जमाधन बीमा निगम अधिनियम, 1961 तथा बैंकिंग कम्पनी अधिनियम, 1949 के अनुवर्ती संशोधनों को भी विधेयक में निगमित किया गया है।

इन बैंकों की स्थापना के लिए विधान बनाना आवश्यक है ताकि एक ऐसी संस्था हो जो सहकारी समितियों तथा वाणिज्यक बैंकों के लाभों का संयोजन कर सके और जिनसे ग्रामीण लोगों विशेष कर सीमान्त किसानों, ग्रामीण कारीगरों तथा छोटे उद्यमियों आदि की प्रभावशाली ढंग से सेवा कर सके।

श्री रामावतार शास्त्री : हमने कुछ संशोधनों की सूचना दी है। इन्हें स्वीकार किया जाये ताकि कल हमें इन्हें पेश करने का अवसर मिल सके।

सभापति महोदय : इस पर चर्चा होगी। आप अपना नाम भेज सकते हैं।

श्री एस० पी० भट्टाचार्य : (उलुबेरिया) : सभापति महोदय, ग्रामीण बैंकों की स्थापना का उद्देश्य निर्धन ग्रामीण जनता की सहायता करना है। परन्तु ग्रामीण जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए जो बैंक खोले जा रहे हैं उनकी संख्या बहुत कम है। यदि सरकार वस्ताव में ग्रामीण जनता की सहायता करना चाहती है, तो उसे इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि हमारी 70 प्रतिशत जनसंख्या गावों में रहती है, और उनमें से अधिकांश लोग किसान और खेतिहर श्रमिक हैं, जिन्हें कठिनाई के समय ऋण लेने के लिए महाजनों के पास जाना पड़ता है। यदि सरकार उन लोगों की सहायता करना चाहती है तथा उन्हें साहूकारों अथवा बड़े-बड़े व्यापारियों के चंगुल से बचाना चाहती है, तो फिर ऐसी स्थिति पैदा की जानी चाहिए जिसमें ये गरीब लोग बैंकों से लिया गया ऋण उत्पादन सम्बन्धी कार्यों में लगा सकें, कुछ बचत कर सकें, अपने परिवारों का गुजारा कर सकें और बैंकों से लिया गया ऋण वापस कर सकें। गरीब किसानों और खेतिहार मजदूरों के लिए यह स्थिति पदा की जानी चाहिए।

इसके लिए यह जरूरी है कि इन गरीब किसानों के पास पर्याप्त भूमि हो, इन्हें उचित सिंचाई की सुविधाएं प्राप्त हों तथा उन्हें बीज आदि उपलब्ध हों, ताकि वे थोड़ी भूमि में भी इतना उत्पादन कर सकें जिससे अपने परिवार का गुजारा कर सकें तथा फालतू उत्पादन को बेच कर लाभ कमा सकें और बैंकों का ऋण वापस कर सकें। हमें इस मूल बात पर विचार करना होगा।

जहां तक खेतिहर मजदूरों का सम्बन्ध है, चाहे वे अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के हैं अथवा कोई अन्य लोग हैं, यदि सरकार उन्हें भूमि नहीं दे सकती, तो सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्यूनतम मजदूरी मिले तथा सारा साल काम मिलता रहे। इसके लिए ग्रामों में उद्योगों का विकास करना होगा ताकि जब फसल की कटाई तथा बुआई का काम न हो तो मजदूरों को वहां उन उद्योगों में रोजगार मिल सके।

इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में आमूल भूमी सुधार की आवश्यकता है। कृषिक कर जांच समिति के प्रतिवेदन अथवा राय समिति के प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है, कि दो-तिहाई कृषि उत्पाद केवल 10 प्रतिशत परिवारों के नियंत्रण में हैं। यदि सरकार वास्तव में निर्धन ग्रामीणों की सहायता करना चाहती है तो उन्हें ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में आमूल परिवर्तन करना होगा। तथा गरीब किसानों और खेतिहर मजदूरों की अर्थ व्यवस्था को उत्पादक बनाना होगा। इसके लिए उन्हें सुधरे हुए बीज, उर्वरक तथा सिंचाई सुविधायें उपलब्ध करानी होंगी, ताकि वे थोड़ी भूमि में भी पर्याप्त उपज कर सकें। उपज को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक की सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। ग्रामीण बैंकों का लाभ ग्रामीण गरीब जनता को तभी मिल सकता है, जब कि उन की अर्थ व्यवस्था को उत्पादक बनाया जाये। गरीब जनता को महाजनों से छुटकारा दिलाया जाये, अन्यथा वे इन बैंकों के उद्देश्यों को ही विफल कर देंगे।

इसके अलावा सरकार को ग्रामीण जनता के प्रतिनिधियों को विश्वास में लेना चाहिए क्योंकि वे ही जनता की वास्तविक आवश्यकताएं बता सकते हैं। अधिकारी गांवों के लोगों की अन्दरुनी जिन्दगी के बारे में इतनी आसानी से नहीं जान सकते।

मंत्री महोदय की ओर से एक सुझाव आया था कि ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों को कम वेतन दिया जायेगा और उन्हें नगरों के बैंकों के कर्मचारियों की भांति भारी वेतन नहीं दिया जायेगा। परन्तु यह सुझाव ठीक नहीं है। ग्रामीण बैंकों में नियुक्त किये जाने वाले कर्मचारी विशेषज्ञ होने चाहिएं। विशेषज्ञों के अभाव में ग्रामीण बैंक ठीक ढंग से काम नहीं कर पायेंगे। इन कर्मचारियों को पर्याप्त वेतन दिया जाना चाहिए। इन्हें कम से कम इतना वेतन अवश्य दिया जाना चाहिए जिससे वे गांवों में विश्वास और सुरक्षा की भावना से जा सकें और ग्रामीण बैंकों के विकास में सहायता दे सकें।

Shri Nathu Ram Ahirwar (Tikamgarh) : Mr. Chairman, Sir, I welcome the Bill brought forward by the hon. Minister Regional Rural Banks are being set up under the 20-point Programme. The Government have freed the poor labourers, agricultural labourers, small peasants and marginal farmers from the clutches of money lenders and capitalists. Now the money lenders are not giving them loans. The Government are, therefore setting up these banks to help those people.

But the setting up of these banks alone will not solve the entire problem, because their branches may not be able to cover the entire rural area. Along with the setting up of these rural banks, the Government should make arrangements for advancing loans to poor peasants, agricultural workers and small artisans through post offices and Co-operative banks. Unless it is done the purpose of setting up rural regional banks will not be fufilled. The Government should issue pass books to these people indicating the amount of loan which could be given to them. Credit worthiness of a person can be determined keeping in view the land or house or any other property he possesses. If a person does not possess any property against which loan can be advanced to him, the State Government should stand surety through Gram Panchayats or Co-operative societies. A minimum credit limit could be fixed at Rs. 500.

[Shri Nathu Ram Ahirwar]

Lastly I would suggest that the poor people for whose benefit the Government are setting up rural regional banks should be given representation on the Board of Directors of these banks.

Shri Ram Singh Bhai (Indore) : I extend my full support to the Bill. It is a big step forward in the way of implementing the 20-point programme. Though it is only a beginning, yet I am sure that it will go a long way in removing the difficulties of the rural poor.

The main object of the Bill is to help the rural poor and make them self supporting. I would, therefore suggest that the proposed regional banks should be manned by the local people in the Village. Training classes may be opened for training them in banking procedure etc.

Provision of one crore rupees has been made for this purpose. This amount stoo in adequate to meet the requirements of the rural people. A number of schemes are beiing introduced by the Government for the poor and landless people in the village. It is proposed to allot them agricultural land, unless they have the means to bring the land proposed to be allotted to them under cultivation they will not be able to do anything and for bringing the land under cultivation proposed to be allotted to them, they will require money in order to purchase bullocks, implements seeds and other inputs. Therefore more funds should be provided for this purpose.

Besides setting up regional rural banks, industrial training institutes should be established at tehsil level and there should be at least one industrial training institute in each tehsil so that the people could be trained in handicraft and other useful trades.

The Government are going to appoint Board of Directors which will run these banks. I will suggest that only those persons who have full faith in 20-point programme and who are honest should be appointed as members of the Board.

Shri Sarjoo Pandey (Ghazipur) : Mr. Chairman, Sir, the majority of our people in rural areas depend on agriculture and most of them are small farmers, landless labour and weavers. They need money. The money lenders chage heavy interest and exploit these people. This Bill has been brought to save the rural public from the clutches of the money lenders and therefore it is a step in the right direction.

The hon. Minister has stated that eight banks have been set up throughout the country. Our country is very big and in my state U.P. alone there are 33 backward districts where most of the people live below poverty line. So, eight banks are too inadequate. The number of these banks and the area covered by them should be increased considerably to give succour to the poor people in rural areas.

The present procedure of getting loan is too cumbersome and dilatory. The people have o face great difficulties in getting loans. The procedure should be simplified and it should not be left on the banks but spelt out in the Bill it self.

As regards the Board of Directors I fear that corrupt and influential people and money-lenders etc. will get into the Boards as they have done in the Cooperatives and they will try to sabotage the whole scheme. So the Government must see that the representatives of the farmers and land less workers are included in the Board of Directors.

It is surprising that the employees of these banks would be given the same facilities as are available to state Government employees. It means that really competent and hard working people will not like to go to villages. So I would suggest that the employees of these banks should be given more pay and allowances than the state Government employees. Only then good and competent persons will be available to man these banks.

The rural people, particularly those belonging to backward areas are facing great difficulties because they depend on loans and the money-lenders have stopped advancing loans. So adequate number of branches of those banks should be opened in the rural areas so that the needs of the rural population could be met adequately.

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी (जमशेदपुर) : यह विधेयक ग्रामीण अर्थ व्यवस्था का सुधार करने तथा छोटे और सीमान्त किसानों एवम् कृषि श्रमिकों और कारीगरों की सहायता करने के लिए लाया गया है, इस लिए मैं इस विधेयक का स्वागत करता हू । परन्तु इस विधेयक में

यह नहीं बताया गया है कि क्षेत्र कितना बड़ा होगा, वह एक जिले का होगा अथवा पांच जिलों का अथवा दस जिलों का । मेरा सुझाव यह है कि प्रत्येक क्षेत्र एक जिले का होना चाहिए ।

इस में कोई सन्देह नहीं कि इस विधेयक से उन निर्धन लोगों को लाभ होगा जिन की भूमि उन साहूकारों ने हथिया ली है, जो बहुत अधिक ब्याज की दर पर उन्हें ऋण दिया करते थे । इन बैंकों में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्राय: यह देखा गया है कि एक गरीब किसान को ऋण की जितनी राशि मंजूर होती है, उस में से 50 प्रतिशत तक. राशि बैंक के कर्मचारी हड़प लेते हैं । इस के अतिरिक्त ब्याज की दर बहुत मामूली होनी चाहिए । विधेयक में ब्याज की दर के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया है । मेरा सुझाव है कि ब्याज की दर नाम मात्र होनी चाहिए तथा अन्य बैंकों के ब्याज की दर के बराबर नहीं होनी चाहिए ।

जहां तक निदेशक मण्डल का प्रश्न है, मेरा सुझाव है कि सरकार द्वारा नामजद किये जाने वाले तीन निदेशकों में से दो महिलायें होनी चाहिएं । प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी उसी क्षेत्र के होने चाहिएं । इन बैंकों में 50 प्रतिशत कर्मचारी महिलायें होनी चाहिए और उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना चाहिए ।

कारीगरों, किसानों और कृषि श्रमिकों को उदारता से ऋण दिये जाने चाहिएं, परन्तु इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि इन ऋण का उपयोग अन्य कार्यों में न हो, क्योंकि यदि वे इस धन को विवाह आदि पर खर्च कर देंगे, तो वे इसे वापस नहीं कर सकेंगे ।

यदि किसी गरीब किसान की भूमि मुकदमे के बाद बेची जाती है, तो उसे सब से पहले स्थानीय लोगों को दिया जाना चाहिए, किसी बाहर के व्यक्ति को नहीं ।

Shri Md. Jamilurrahman (Kishanganj) : The Bill deserves our full support because it is a step in the right direction as it has been brought to help the small and marginal farmers, agricultural labourers, artisans and small entrepreneurs. But there are cartain lacunas in this measure. There is no involvement of agricultural graduates in the scheme of recuitment and training. Agricultural graduates should be involved in this scheme.

The Bill has been brought for bettering the lot of the rural people. But nothing has been said about the involvement of the rural people in this scheme. So my suggestion is that rural people should be involved in this scheme and so far as the recruitment policy for these rural banks is concerned local people should be given employment wherever new branches of the banks are opened. If employment and training is given to the local people it is natural that they will serve their areas better.

No doubt,, the Bill has been brought to help the small and marginal farmers, agricultural labourers, artisans and small entrepreneurs, but nothing has been said about their inclusion in the in the Board of Directors. My suggestion is that one representative each of marginal farmers, agricultural landless labourers, artisans and small entrepreneurs should be there in the Board of Directors. The Chairman of Zila Parishad can also be included in it .

Clause 11 provides that the Central Government shall appoint an individual to be the Chairman of a Regional Rural Bank and specify the period not exceeding five years. I suggest that it should be not more than three years, because in the preceding clause it has been provided that the term of office of the Members would be two years.

As my hon. friend Shri Sokhi has pointed out the term 'Regional Rural Bank' has not been clearly defined in the Bill. One such bank must be opened in the backward areas of North Bihar.

So far as the question of loan is concerned, rules regarding advancing of loans should be so framed that the main object of the Bill is not defeated. Rules should be relaxed, if necessary, to help the poor labourers.

It has been rightly laid down in the Bill that the pay of Bank employees would be fixed in Consultation with the State Government. But nothing has been said in the Bill about the marketing services for artisans or landless labourers. This should be done.

सभापति महोदय : अब सभा कल 11.00 बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

तत्पश्चात् लोक सभा बुधवार 21 जनवरी 1976/1 माघ, 1897 (शक) के 11 बजे म० पू० तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday January 21, 1976/Magha I, 1897 (Saka)

GMGIPND LS III 2451 LS 8-6-76 200

P.L.S. 48 55. 10. 76 (N)
200

© 1976 प्रतिलिप्यधिकार लोक-सभा सचिवालय को प्राप्त ।

लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों (पांचवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और महाप्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिंटो रोड, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित ।

© 1976 BY THE LOK SABHA SECRETARIAT

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Fifth Edition) and Printed by the General Manager, Government of India Press, Minto Road, New Delhi.